CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 227 | राजनांदगांव, शनिवार 05 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## डिप्टी आर्मी चीफ बोले-ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़े: पाकिस्तान को चीन ने हथियार और लाइव डेटा दिया, तुर्किए ने ड्रोन मुहैया कराए



नई दिल्ली। भारत के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज़ कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन आधुनिक युद्ध की सच्चाइयों और खतरों को सामने लाया और भारतीय सेना को कई रणनीतिक सबक मिले।

### कैसे हुआ ऑपरेशन सिंदूर?

यह जवाबी ऑपरेशन 7 मई को अंजाम दिया गया, जब PoK और पाकिस्तानी क्षेत्र में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की गई। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के जवाब में था, जिसमें 26 टूरिस्ट्स की हत्या की गई थी। भारतीय सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया, और 10 मई को सीजफायर की सहमति बनी।

### टेक्नोलॉजी और डिफेंस: कहां पिछड़े?

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना को यह दिखाया कि DGMO स्तर की बातचीत के दौरान दुश्मन को हमारे लाइव मूवमेंट की जानकारी मिल रही थी। भारत को मजबूत एयर डिफेंस, काउंटर-ड्रोन सिस्टम, और रॉकेट-आर्टिलरी शील्ड की ज़रूरत है। अगली बार दुश्मन पॉपुलेशन सेंटर्स को निशाना बना सकता है, इसलिए तैयारी अभी से करनी होगी।

### 5th जनरेशन वॉर की चेतावनी

लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा, अगली जंग वो हो सकती है जिसमें एक कंप्यूटर एक्सपर्ट किसी कमरे में बैठकर पूरे सिस्टम को कंट्रोल करे। यह फिजिकल नहीं बल्कि डिजिटल युद्ध होगा। उन्होंने बताया कि सेना जल्द (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### उप सेना प्रमुख के बयान से चीन की भूमिका पर उठे रणनीतिक सवाल, कांग्रेस बोली-संसद में बहस हो

भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास और संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज' कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, इस सैन्य कार्रवाई के दौरान भारत को एक नहीं बल्कि तीन मोर्चों पर जूझना पड़ा। हमारी सेना पाकिस्तान के साथ चीन और तुर्की के षणयंत्रों का भी सामना कर रही थी। चीन संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान को साझा कर रहा था। कांग्रेस ने इस पर संसद में बहस की मांग की है। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने बताया कि पाकिस्तान के पास मौजूद 81 प्रतिशत सैन्य हार्डवेयर चीनी थे। चीन द्वारा ही उसे रियल टाइम इंटेलिजेंस सपोर्ट मिल रहा था। इसके अलावा, तुर्की ने पाकिस्तान को बैरकटर ड्रोन और अन्य तकनीकी संसाधन भी मुहैया कराए। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन द्वारा भारत की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान को साझा की जा रही थी। इससे (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, कीव पर दागीं 550 मिसाइलें और ड्रोन; गूंजती रही धमाकों की आवाज



कीव। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर 550 मिसाइलें और शाहिद ड्रोन दागे। कीव में पूरी रात धमाकों की आवाज गूंजती रही। यूक्रेन ने बताया कि इन हमलों में 23 लोग घायल हो गए। इसके अलावा इमारतों को बड़ा नुकसान पहुंचा। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने और यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अमेरिका के निर्णय के कुछ घंटों बाद हुआ।

रूस की वायु सेना ने बताया कि उसने रात भर में यूक्रेन में 550 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इनमें से ज्यादातर शाहिद ड्रोन थे। हमले में 11 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। कीव में लगातार ड्रोनों की गड़गड़ाहट और विस्फोटों, मशीन गन की गोलीबारी की आवाजें सुनीं गईं। यूक्रेनी सेना हवाई हमलों को रोकने की कोशिश की। बताया गया कि हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार हमलों में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 अस्पताल में भर्ती हैं।

रूस ने नौ मिसाइलों और 63 ड्रोनों से आठ स्थानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। वहीं यूक्रेनी वायु रक्षा ने दो क्रूज मिसाइलों सहित 270 ड्रोनों को मार गिराया। अन्य 208 लक्ष्य रडार से गायब हो गए और माना गया कि वे जाम हो गए हैं। रोके गए ड्रोनों का मलबा कम से कम 33 स्थानों पर गिरा।

### 10 जिलों में भारी नुकसान

यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं ने राजधानी कीव के 10 जिलों में से कम से कम पांच में नुकसान की सूचना दी है। सोलोमिंस्की जिले में एक पांच मंजिला आवासीय इमारत आंशिक रूप से नष्ट हो गई। जबकि एक सात मंजिला इमारत की छत में आग लग गई। एक गोदाम एक गैरेज परिसर और एक ऑटो मरम्मत सुविधा में भी आग लग गई। स्वियातोशिन्स्की जिले में एक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 2 महीने में 479 किसानों ने की आत्महत्या! राहुल गांधी के आरोपों के बाद फडणवीस सरकार ने बताए चौंकाने वाले आंकड़े





मुंबई। महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र में दो महीने में 479 किसानों ने आत्महत्या की. यह चौंकाने वाले आंकड़े खुद महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में बताये है। राज्य के राहत और पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च और अप्रैल 2025 के केवल दो महीनों में मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्रों में कुल 479 किसानों ने आत्महत्या की है। यह आंकड़ा प्रदेश में किसानों की बदहाल स्थिति की गंभीर तस्वीर पेश करता है।

मंत्री जाधव के अनुसार, विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र में मार्च महीने में 250 किसानों ने आत्महत्या की। इनमें से 102 किसान ऐसे थे जिन्हें सरकार की ओर से मुआवजा देने योग्य माना गया है। वहीं 62 किसानों को मुआवजे के लिए अयोग्य ठहराया गया, जबकि 77 मामलों की जांच अभी जारी है। वहीं, अप्रैल में आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या 229 रही, जिनमें से 74 किसान मुआवजे के पात्र पाए गए, 31 को अयोग्य माना गया और शेष 124 मामलों की जांच की जा रही है। गौरतलब हो कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर गुरुवार को बीजेपी नीत सरकार पर निशाना साधा था और आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र में तीन महीनों में 767 किसानों ने आत्महत्या की, लेकिन सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह सरकारी सिस्टम किसानों को मार रहा है, लेकिन पीएम मोदी अपने पीआर का तमाशा देख रहे हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सोचिए.. सिर्फ तीन महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या यह सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए खुशखबरी

## प्रदेश सरकार ने डीएपी की कमी पूरा करने पुख्ता वैकल्पिक व्यवस्था की




रायपुर। देश में डीएपी खाद के आयात में कमी के चलते चालू खरीफ सीजन में राज्य में डीएपी की आपूर्ति प्रभावित होने का वैकल्पिक मार्ग छत्तीसगढ़ सरकार ने निकाल लिया है। किसानों को डीएपी खाद की किल्लत के चलते परेशान होने की जरूरत नहीं है।

डीएपी के बदले किसानों को भरपूर मात्रा में इसके विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद की उपलब्धता सोसायटियों के माध्यम सुनिश्चित की जा रही है। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके (20:20:013) और एनपीके (12:32:13) के वितरण लक्ष्य में 3.10 लाख मेट्रिक टन तथा एसएसपी के वितरण लक्ष्य में 1.80 लाख मेट्रिक टन की वृद्धि करने के साथ ही इसके भण्डारण एवं वितरण की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। एनपीके और एसएसपी के लक्ष्य में वृद्धि होने के कारण चालू खरीफ सीजन में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण लक्ष्य 14.62 लाख मेट्रिक टन से 17.18 लाख मेट्रिक टन हो गया है। मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सोनिया-राहुल गांधी के वकील ने खारिज किए ईडी के दावे, सिंघवी ने बताया अजीबोगरीब मामला



नई दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड मामले की सुनवाई के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें पेश कीं। उन्होंने ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ये मामला मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं बल्कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के स्वामित्व का मामला है।

सिघंवी ने कहा कि अगर मान लिया जाए कि यंग इंडियन एजेएल की 100 फीसदी मालिक है, तो भी ये स्वामित्व का मामला हुआ। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग कैसे हो गया? उन्होंने कहा कि ईडी ने जो चार्जशीट पेश की है, वो सिर्फ कयासों और काल्पनिक स्थितियों पर आधारित है, जिसे कानूनी तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। आप एक काल्पनिक और अटकलों पर आधारित मामले का केस नहीं बना सकते। सिंघवी ने कहा कि ये संस्था पिछले 65 साल से ज्यादा से काम कर रही है। इतने लंबे समय के बाद इसे मनी लॉन्ड्रिंग नहीं कहा जा सकता। उन्होंने सवाल उठाया कि ईडी ने साल 2010 से 2021 तक इस मामले में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? इसके बाद 11 सालों बाद ईडी ने बिना किसी कारण के अचानक इस मामले में सक्रियता दिखाई, जिससे जांच की मंशा पर शंका हो रही है। अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये मामला अजीब है क्योंकि इस मामले में कोई पैसे का लेन-देन नहीं हुआ और न ही संपत्ति का स्थानांतरण किया गया। न ही किसी तरह का लाभ लिया गया। सिंघवी ने आगे बताया कि एजेएल के नाम पर पूरे देश में सालों से कई संपत्तियां हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## वित्त मंत्री चौधरी ने जीएसटी सुधारों पर रखा ठोस विजन : बोगस पंजीयन और फर्जी बिलों पर सख्त कार्रवाई के दिए सुझाव



रायपुर। देशभर में जीएसटी राजस्व संग्रहण को और अधिक पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और प्रभावी बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी. चौधरी ने राज्य के अनुभव साझा किए और बोगस व्यवसायियों पर सख्त कार्रवाई, पंजीयन प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक के प्रयोग तथा फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पर रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इस समूह का संयोजन गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद पी. सावंत कर रहे हैं।

बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बतौर सदस्य भागीदारी की और राज्य के अनुभव एवं नीतिगत सुझाव साझा किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व संग्रहण में आ रही चुनौतियों का आकलन कर व्यापक समाधान तलाशना था। बैठक के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में जीएसटी के राजस्व पर पड़ने वाले आर्थिक व अन्य कारकों का विस्तार से विश्लेषण किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ में एंटी इवेजन और अनुपालन के क्षेत्र में की गई पहलों (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## ईडी की सोना तस्करी सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 3.76 करोड़ की संपत्ति अटैच



रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय रायपुर जोनल कार्यालय ने शुक्रवार को सोना तस्करी सिंडिकेट से जुड़े सदस्यों सचिन केदार और पुरुषोत्तम कवले की करीब 3.76 करोड़ रुपए की संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की हैं। इनमें बैंक खातों में जमा रकम, फ्लैट्स और जमीनें शामिल हैं। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत की गई है।

### अभियोजन शिकायत के आधार पर शुरू

ईडी ने यह जांच डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस द्वारा कस्टम्स एक्ट 1962 की धारा 135 के तहत दर्ज अभियोजन शिकायत के आधार पर शुरू की थी। इस केस में तस्करी करके सोना लाने वाले कैरियर्स को डीआरआई ने पकड़ा था। बरामद सोना विदेशी मूल का था, जिसे भारत में अवैध तरीके से लाकर रायपुर में खपत के लिए भेजा गया था। इसका मास्टरमाइंड विजय बैद उर्फ विक्की बताया गया है।

### सोना भारत-बांग्लादेश बॉर्डर के जरिए लाया

ईडी की जांच में सामने आया कि सचिन केदार ने विजय बैद के निर्देश पर कोलकाता से रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, नागपुर और मुंबई तक विदेशी सोने की तस्करी की। यह सोना भारत-बांग्लादेश बॉर्डर के जरिए लाया गया था। इसके बाद इसे रायपुर के नामचीन ज्वैलर्स को बेचा गया। जिन लोगों को यह सोना बेचा गया, उनमें सुनील कुमार जैन (सहेली ज्वेलर्स), प्रकाश सांखला (नवकार ज्वेलर्स), सुमीत ज्वेलर्स, पुरुषोत्तम कवले (सागर ज्वेलर्स) और धीरेज बैद शामिल हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में हिंदू पक्ष को झटका, हाईकोर्ट ने अर्जी को किया खारिज



प्रयागराज। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद के मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है. हिंदू पक्ष की अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. कोर्ट ने मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली एप्लीकेशन नामंजूर कर दी है. इसे हिंदू पक्ष के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है.

आपको बता दें कि जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी. फिलहाल, उनकी तरफ से सुनवाई की अगली तारीख दी गई है. अब 2 अगस्त, 2025 को अगली सुनवाई होगी. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि मौजूद तथ्यों और याचिका के आधार पर मथुरा की शाही ईदगाह को फिलहाल विवादित ढांचा घोषित नहीं किया जा सकता है. जबकि, हिंदू पक्ष की ओर से दावा किया गया था कि ईदगाह का निर्माण श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर स्थित अति प्राचीन मंदिर को तोड़कर किया गया था. फिलहाल, सबकी निगाहें अगली सुनवाई पर टिकी हैं. इस पूरे मामले में हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट में 5 मार्च 2025 को मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग करते हुए एक एप्लीकेशन दी गई थी. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम फडणवीस बोले- मराठी पर गर्व करना गलत नहीं, लेकिन भाषा के आधार पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में मराठी भाषा पर गर्व करना गलत नहीं है। लेकिन अगर कोई भाषा के नाम पर गुंडागर्दी करता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी के साथ भाषा के आधार पर कोई मारपीट करता है, तो इसे भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भाषा विवाद खड़ा किया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई करेंगे

फडणवीस की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब राज्य में मराठी भाषा न बोलने को लेकर विवाद बढ़ रहा है। यह विवाद उस समय और बढ़ गया, जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर एक गुजराती व्यक्ति को मराठी न बोलने को लेकर पीट दिया और घटना का वीडियो वायरल हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस ने इस घटना पर प्राथमिकी दर्ज की है और कार्रवाई भी की है। अगर भविष्य में कोई इस तरह का भाषा विवाद खड़ा करता है, तो उस पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमें अपनी मराठी भाषा पर गर्व है, लेकिन भारत की किसी भी भाषा के साथ इस तरह का अन्याय नहीं किया जा सकता, यह बात हमें ध्यान में रखनी होगी।

### अंग्रेजी को गले लगाते हैं, हिंदी पर विवाद खड़ा करते हैं

फडणवीस ने आगे कहा, कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग अंग्रेजी को तो गले लगाते हैं, लेकिन हिंदी को लेकर विवाद खड़ा करते हैं। यह किस तरह की सोच है और यह किस तरह का व्यवहार है? इसलिए जो लोग कानून अपने हाथ में लेते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई मराठी व्यक्ति असम जाकर कारोबार करता है और उसे असम की भाषा नहीं आती, तो क्या उसकी पिटाई होनी चाहिए? उन्होंने कहा, अगर मराठी को लेकर अभिमान है, तो मराठी सिखाओ, क्लास शुरू करो। मराठी पर अभिमान है तो (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हर बीमारी का सही इलाज, हर हफ्ते आपके शहर में
आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लिनिक 7869899833, 8871626367
राजनांदगांव मेडिकोज सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास, जी.ई. रोड

| | |
|---|---|
| डॉ.आर. के. साहू<br>MD (MEDICINE)<br>DM (NEPHROLOGY) KOL. | किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक गुरुवार - शाम 4 से 5 बजे |
| डॉ. आकाश बक्शी<br>MBBS,DNB( CARDIO ) | हृदय रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शुक्रवार - दोप. 2 से 4 बजे |
| डॉ. नवीन राम दारुका<br>M.CH (UROLOGY) BHU | पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शनिवार - दोप. 2 :30 से 3 :30 बजे |
| डॉ. कुलदीप सिंह<br>MS, M.CH (NEURO) | नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक शनिवार - दोप. 3.30 से 4.30 बजे |
| डॉ. रैनी अग्रवाल<br>IVF SPECIALIST, COSMETIC GYNAECOLOGIST, | नि:संतानता (IVF) एवं कॉस्मेटिक गायनोकॉलोजी विशेषज्ञ<br>प्रत्येक बुधवार दोप. 2 से 4 बजे |
| चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग संबंधित सुविधाएं | चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ<br>प्रत्येक बुधवार दोप. 1 से 2 बजे |

CMYK

# जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम शहर के प्रमुख मार्गों में किया पैदल भ्रमण



० दुकान के बाहर सामान रखकर व्यवसाय न करने की अपील
० पार्किंग के लिए फ्लाई ओव्हर के नीचे का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एस.डी.एम. खेमलाल वर्मा, ए.एस.पी. राहुल शर्मा, सी.एस.पी. पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव सहित जिला प्रशासन, निगम व यातायात की टीम के साथ फ्लाई ओव्हर तथा शहर के प्रमुख मार्गो गुडाखू लाईन, आजाद चौक, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर चौक, जयस्तम्भ चौक, जुनीहटरी में पैदल भ्रमण कर दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने एवं सामान दुकान के अंदर रखकर व्यवसाय करने दुकानदारों से अपील किए। अधिकारियों एवं टीम के द्वारा पार्किंग के लिए फ्लाई ओव्हर का निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गो सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, सदर लाईन, गुडाखू लाईन, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, सदर लाईन, जूनी हटरी, फल मार्केट सहित अन्य मार्गों के दुकानदारों द्वारा सामान बाहर रखकर एवं सामान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं आवागमन में असुविधा होती है। शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर गत दिनों चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों, व्यापारियों एवं प्रशासन की बैठक लेकर यातायात व्यवस्था में सहयोग करने, दुकान के बाहर सामान नहीं रखने अपील किये एवं दुकानदारों को भी समझाईस देने अपील की गयी थी और आज प्रशासन के अधिकारी एवं उनकी टीम शहर के प्रमुख मार्गो में भ्रमण कर सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस दिये। उन्होंने फ्लाई ओव्हर का भी निरीक्षण कर अवैध ठेला खोमचा हटाने संबंधित को समझाईस दिए तथा लंबे समय से खड़े वाहन हटाने कहा। जिससे फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग की व्यवस्था की जा सके।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शहर के व्यस्तम मार्गो के दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान की सीमा के बाहर प्लेटफार्म तथा सड़क पर सामान रखकर व्यवसाय किया जाता है तथा कपड़ा व अन्य सामान बाहर लटकाया जाता है, जिससे पार्किंग में असुविधा होने के साथ साथ यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा दुकान में भी खरीददार पार्किंग के अभाव एवं खड़े होने की जगह नहीं होने पर उक्त दुकान में खदीददारी करने नहीं जाते, जिससे दुकानदारों को भी नुकसान होता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर जिलाधीश के निर्देश पर बैठक उपरांत आज व्यापारियों को उनके दुकान में जाकर समझाईस दी गयी एवं कहा गया कि कल से व्यवस्था सुधारने, सामान दुकान अंदर रखने समझाईस दी गयी और कहा गया कि सामान बाहर रखने की स्थिति में सामान जप्ती के साथ-साथ अर्थदण्ड एवं कानूनी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने पार्किंग के लिए फ्लाई ओव्हर के नीचे का उपयोग करने कहा। प्रशासन ने दुर्घटना रोकने एवं शहर को व्यवस्थित करने में सहयोग करने व्यापारियों से अपील की है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, टी.आई. कोतवाली सहित निगम व यातायात का अमला उपस्थित था।

# महापौर ने ली तकनीकि अधिकारियों की बैठक

0 आंगनबाडी भवन बनाने स्थल निरीक्षण करने के दिये निर्देश

0 शौचालय मरम्मत के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा की उपस्थिति में तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर आंगनबाडी भवन बनाने वार्डो में स्थल निरीक्षण करने तथा शौचालय मरम्मत के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन द्वारा दिये गये स्वीकृति के अनुक्रम में वार्डो में आंगनबाड़ी भवन बनाने स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन शासन को भेजना है। जिससे आंगनबाड़ी निर्माण हेतु राशि की स्वीकृति प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में आंगनबाड़ी के लिए स्थल निरीक्षण कर नक्शा खसरा सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करें, जिससे भवन बनाने कार्यवाही की जा सके। चूँकि कई वार्डो में आंगनबाड़ी भवन नही है, कई में निजी भवन में आंगनबाड़ी संचालित की जा रही है, कुछ भवन जर्जर भी हो चुके है। जिसे ध्यान में रखकर नया आंगनबाड़ी भवन बनाना है, जिसके लिए स्थल संबंधी सभी आवश्यक कार्य कर जल्द प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

महापौर श्री यादव ने शौचालय मरम्मत कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम आ गया है, बारिश में सभी शौचालय चालू रखना है, मरम्मत के शेष कार्य पूर्ण करने ठेकेदारों को निर्देशित करें, जो शौचालय मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है उसे उपयोग हेतु चालू करने संबंधित शौचालय संचालक को चाबी सौंपे। उन्होंने कहा कि बारिश को ध्यान मे रखकर सभी निर्माण कार्य चालू करावे, प्राथमिकता तय कर कार्य करे, किसी भी परेशानी से उच्च अधिकारियों को अवगत करावे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा शौचालय मरम्मत कार्य बंद कर दिया गया है, उन्हें नोटिस जारी करें और अतिशीघ्र कार्य करावे। पूर्ण कार्य के बिल प्रस्तुत करें, ताकि भुगतान की कार्यवाही की जा सकें। अधुरे कार्य की भी बिलिंग करें और शेष कार्य में तेजी लावें। उन्होंने कहा कि अधिकारी बिल नहीं बनाते ऐसी शिकायत प्राप्त हो रही है, पूर्ण कार्य एवं अधूरे कार्य की फाईल आगे बढ़ाये, बिल प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता से भी कार्य की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी फस्ट हाफ निर्माण कार्यो का निरीक्षण करें और सेकेण्ड हाफ कार्यालय में कार्यालयीन कार्यो का निर्वाहन करे। सभी निर्माण कार्य में गति लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके व दीपक खाण्डे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता वसीम खान सहित उप अभियंतागण उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति

राजनांदगांव (दावा)। जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत जिला अस्पताल राजनांदगांव में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर डॉ. विधि गजभिये की अस्थायी तौर पर संविदा नियुक्ति की गई है।

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में विभिन्न पदों पर भर्ती की जा रही है। जिला अस्पताल के मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य भी जारी है।

### जंगलपुर में 10 को गुरू पूर्णिमा महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम जंगलपुर में 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव का तीसरे बार आयोजन रखा गया है। गुरू पूजन, दीक्षा समारोह, भजन, संगीतमय प्रवचन कार्यक्रम अंचल प्रख्यात धारा प्रवाह कथावाचक गुरूदेव राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे। कार्यक्रम में रोगी, बीमार, असाध्य रोगी एवं शराब छुड़ाने दवाई दिया जावेगा। समस्त शिष्य परिवारजन इस कार्यक्रम का लाभ उठाने हेतु अपील किया गया है।

### श्रीमती हेमलता साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम सुरगी हायर सेकेण्डरी स्कूल की हिंदी की व्याख्याता (एलबी) श्रीमती हेमलता साहू का आज अचानक हृदय गति रुक जाने से 9:15 बजे के लगभग स्कूल जाते समय राजनांदगाव शहर में ही निधन हो गया। शाला के समस्त शिक्षकों व छात्रों द्वारा भगवान से मृत आत्मा को शांति प्रदान करते हुए अपने चरणों मे स्थान दे और परिवार को इस महान दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें, प्रार्थना की गई।

# शरीयत के दायरे में मनाये मोहर्रम - हाजी रईस अहमद शकील

*शहर जामा मस्जिद में मुहर्रम पर हो रहा जिक्र शोहदाए कर्बला*



राजनांदगांव(दावा)। इस्लामिक शोहदाए कर्बला कमेटी के बैनर तले जिक्र-ए-शोहदाए कर्बला शहर जामा मस्जिद के बाड़े में आयोजित किया जा रहा है। शहर एतराफ जामा मस्जिद के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने बताया कि शोहदाए कर्बला कमेटी के सदर असद रज़ा की अध्यक्षता और तमाम उलेमा इकराम की सरपरस्ती में यह आयोजित हो रहा है, जिसका संचालन जेरे निजामत हाफिज हाजी सलीम रज़ा तहसीनी सहाब कर रहे हैं। उक्त प्रोग्राम में धर्मगुरू मुफ्ती शेर मोहम्मद बरकाती साहब उत्तरप्रदेश नौ दिनों की तकरीर (प्रवचन)कर कर रहे हैं। इन 9 दिनों में वह अलग-अलग दिन नूरी मस्जिद कन्हारपुरी, शाहे मदीना मस्जिद शांतिनगर, नूरी मस्जिद गौरी नगर, मोती मस्जिद तुलसीपुर तकरीर पूरी कर पांच दिन की तकरीर का प्रोग्राम जामा मस्जिद में कर रहे हैं।

जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने बताया कि मोहर्रम का महीना बहुत ही फजीलत व बरकत वाला महीना है। यह पहला इस्लामिक महीना है जिसमें नवासे रसूल हजरत इमामे हुसैन करबला में अपनी शहादत दी थी और इस्लाम के परचम को बुलन्द किया था। इस्लामीक महीना मोहर्रम की दस तारीख को इस्लाम धर्म की रक्षा करते हुए वह करबला के मैदान में बातिलों (दुश्मनों) से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी और दुनिया को यह पैगाम दे दिया कि कभी भी बातिल के आगे सर न झुकाना। हुजूरे पाक रहमतुल्लाह अलेह ने फरमाया कि हजरत इमामे हुसैन और इमाम हसन जन्नती जवानों के सरदार हैं। रईस अहमद शकील ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शरीयत के दायरे में रहकर मोहर्रम मनायें।

### मोहर्रम के महीने में तमाम गैर शरई गलत कामों से बचें

इस्लाम हमेशा नाजाइज व हराम कामों से रोकता है, मोहर्रम में आवाम फिजुलखर्ची से बचें, गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करें। शेर बन कर नाचना ठोल तासे, गम में रोना गाना यह तमाम काम शरीयत के वाजाइज व मना हैं। सिर्फ, 'हमारे है हुसैन' का नारा लगाने की जगह फलसफा-ए-हुसैन समझने की जरूरत है, और जरूरत है मोआशरे को ये बताने की कि, मोहर्रम सिर्फ एक महीना या एक रिवाज नही, एक दर्सगाह है, हमारी तालीमगाह है। माँ की गोद से कब्र की आगोश तक हमने यही दर्स सीखा है कि बातिल के मुजाबिल टिके रहना है हुसैन के इनकार की तरह और आजमाइश कितनी ही सख्त क्यों ना हो हमें सब्र और तहम्मुल से काम लेना है।

आज, ऐसा ही सख्त वक्त और कड़े इम्तेहान का वक्त है कि जब हमको एक नजीर पेश करनी है कि हम एक जिम्मेदार और मुनन्निम डौम हैं, कर्बला का मकसद था इंसानियत और आदमियत की बड़ा और आज आलम-ए-आदमियत सख्त आजमाइश के दौर में है तो हम सब पर बड़ी जिम्मेदारी है। सैय्यद अफ़ज़ल अली ने कहा प्रोग्राम के अंत में हर रोज मुल्क में अमन व अमान के लिये दुआ मांगी जाती है। मेहमाने खुसूसी शेर मो. बरकाती साहब आवाम को इस्लाम का सच्चा पैगाम दे रहे है इस्लाम हमेशा अमन व आमान शांति का पैगाम देता है।

# प्राइवेट हॉस्पिटल व स्कूल कॉलेज में मनमानी फीस वसूली से जनता त्रस्त - कांग्रेस



कहा - शिक्षा से ज्यादा शराब को दिया जा रहा है महत्व

राजनांदगांव (दावा)। शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि युक्तियुक्त कारण योजना के नाम पर 4000 विद्यालय बंद हो चुके हैं। वही 741 नए मदिरालय (शराब) दुकान खुल रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार शिक्षा से ज्यादा शराब को महत्व दे रहे है। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि शहर में अनेक अशासकीय अस्पताल अशासकीय स्कूल कॉलेज में मनमानी फीस लिए जाने से जनता में घोर नाराजगी है। उन्होंने सीधा आरोप लगाया है कि शासन प्रशासन ने इन्हें अनाप-शनाप फीस के रूप में खुली छूट दे रखी है। इसी से सत्ता पक्ष भाजपा का जनाधार घटता दिखाई दे रहा है। राजनांदगांव शहर के प्राइवेट अस्पतालों के लिए तो यहां इलाज के नाम पर अनेक अस्पतालों में अनाप-शनाप वसूली को लेकर आंदोलन तक हो चुके हैं गलत इलाज से मरीज का जान तक जा चुकी है। यह बात अलग है कि बाद में आपस में समझौता हो गया हो। स्कूलों में अनाप-शनाप वसूली को लेकर पालक संघ कलेक्टर तक से शिकायत कर चुके हैं। उसके बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है प्राइवेट स्कूल प्राइवेट अस्पतालों पर शासन प्रशासन द्वारा लगाम नहीं लगाए जाने से ऐसा लगता है कि आपस में मिली भगत करके जनता को चारागाह बना दिया गया है।

# मुख्यमंत्री की पहल से जल जीवन मिशन के तहत ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज में पानी की समस्या हुई दूर

**राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज की कहानी उन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मिसाल है, जहां जल जीवन मिशन ने जीवन स्तर को ना सिर्फ सुधारा है, बल्कि वहां के ग्रामीणों को नयी उम्मीद भी दी है।**



० जल जीवन मिशन से ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज के 73 ग्रामीण परिवारों को घर पर मिल रही पेयजल की सुविधा
० पानी की समस्या का समाधान होने से महिलाओं का जीवन हुआ आसान

जिला मुख्यालय राजनांदगांव से 50 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत चारभाठा के आश्रित ग्राम बंजारी में 39 एवं ग्राम फत्तेगंज में लगभग 34 परिवार निवास करते है। इन गांवों के ग्रामीणों की आजीविका का साधन मुख्यतः कृषि और मजदूरी पर ही निर्भर है। पहले इन गांव में पानी की काफी समस्या थी और पेयजल का एकमात्र स्त्रोत हैंडपंप था। गांव के सरपंच मनोज कोर्राम बताते है कि ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज के ग्रामीण लंबे समय से पेयजल के लिए संघर्ष कर रहे थे। हैंडपम्पों से पानी निकालने में काफी दिक्कते आती थी। गर्मियों के दिनों में जब जलस्तर नीचे चला जाता था, तब पानी निकालना और भी मुश्किल हो जाता था। कई बार पानी भरने के लिए ग्रामीणों को लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ता था। कई ग्रामीणों को दूर के क्षेत्रों से पानी भरकर लाना पड़ता था, जिससे उनका समय तो बर्बाद होता ही था, बल्कि मेहनत भी काफी लगती थी। पानी की कमी का सबसे ज्यादा प्रभाव गांव की महिलाओं पर पड़ता था। जिनके दिन का एक बड़ा हिस्सा पेयजल की व्यवस्था में बीत जाता था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव की पहल से जल जीवन मिशन के तहत ग्राम बंजारी में 950 मीटर तथा फत्तेगंज में 750 मीटर की पाइप लाइन बिछाई गयी है तथा सोलर के माध्यम से 24 घंटे पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अगुवाई में ग्राम को हर घर जल घोषित किया गया। अब प्रत्येक घर में नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की दिनचर्या में बहुत बदलाव आया है। जो समय पानी की व्यवस्था में लग जाता था, अब अन्य कार्यों में समय का उपयोग किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों की उत्पादकता भी बढ़ी है और जीवन स्तर में सुधार भी हुआ है। ग्राम की निवासी श्रीमती निर्मला साहू एवं श्रीमती अंजू सिन्हा ने बताया कि पहले उनका समय दिन भर पानी जुटाने में लग जाता था एवं अपने बच्चों के देखभाल में भी पूर्ण समय नहीं दे पाती थी, लेकिन जल जीवन मिशन अंतर्गत घरों में नल की सुविधा मिलने से आज उनके बच्चों को भी पढ़ाई के लिए अधिक समय मिलने लगा है, जिससे बच्चों के शैक्षणिक स्तर में भी सुधार हुआ है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-4-0
369-8 126-9
राजधानी
1-5-9
279-8 160-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# सोमनी थाना क्षेत्र में देर रात तक नहीं खुले रहेंगे ढ़ाबा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के सोमनी थाना क्षेत्र में अपराधों की बाढ़ आई हुई है। आए दिन हो रही हत्या की वारदातें सहित चोरी, बटमारी व रेत उत्खनन के मामले में इस क्षेत्र के कुछ लोगों के सम्मिलित होने पर हुई गोलीबारी की घटना से क्षेत्रवासियो में भय व्याप्त है। गत 1 जुलाई की रात सोमनी क्षेत्र के ढ़ाबे में हुई चाकूबाजी की घटना में इंजीनियरिंग की हत्या से लोग और भी डरे हुए हैं। सोमनी क्षेत्र में आए दिन हो रही इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दृष्टि से पुलिस द्वारा क्षेत्र के सभी ढ़ाबा संचालकों को बुलाकर एक मिटिंग ली गई। जिसमें ढ़ाबा संचालकों को आवश्यक निर्देश दिया गया है।

बताया गया है कि गत 2 जुलाई बुधवार को थाना सोमनी परिसर में एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सोमनी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव की उपस्थिति में थाना सोमनी क्षेत्र अंतर्गत स्थित होटल, ढ़ाबा के संचालकों का बैठक लिया गया। जिसमे ढ़ाबा संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है।

### देर रात तक नहीं खुले रहेंगे ढ़ाबा

बैठक में ढ़ाबा संचालकों को देर रात तक ढ़ाबा चालू नहीं रखने, ढ़ाबा में शराब सेवन नहीं करवाने, शराब सेवन कर ढ़ाबा में आने वालो का प्रवेश निषेध करने, ढ़ाबा में आवश्यक हेल्प लाईन नंबरो का फ्लैक्स लगाने के संबंध में हिदायत दी गई है। इस अवसर पर उपरोक्त पुलिस अधिकारियों सहित सोमनी थाना पुलिस स्टाफ व बड़ी संख्या में ढ़ाबा संचालकों की उपस्थिति रही।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
04th July to 10th July 2025


Jurassic World Rebirth (Hindi 2D) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Metro In Dino - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:15 pm
Maa - 12:15 and 06:15 pm
Sitaare Zameen Par - 03:15 & 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी फिल्म
मैं राजा तैं मोर रानी


कला : दीपक साहू, एल्सा घोस, पुष्पेन्द्र सिंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

राजनांदगांव वनमंडल, राजनांदगांव

कार्यालय-225059

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वनमंडल के डिपो में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ/बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार डिपो, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

अछोली काष्ठागार, नीलामी दिनांक :- 18-07-2025 समय प्रातः 9.00 बजे

काष्ठागार का नाम :- अछोली, वनमण्डल :- राजनांदगांव

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | | पुरानी वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | सागौन | 326.275 | 389 | 4781 | 255.070 | 74 | 3338 | 581.345 | 463 | 8119 |
| 2 | शिशम | 1.225 | - | - | - | - | - | 1.225 | - | - |
| 3 | बीजा | 55.371 | - | - | 35.307 | - | - | 90.678 | - | - |
| 4 | तिन्सा | 39.354 | 66 | 35 | 1.430 | - | - | 40.784 | 66 | 35 |
| 5 | साजा | 26.841 | - | - | 1.187 | - | - | 28.028 | - | - |
| 6 | ह.मु.ख. | 3.770 | - | - | - | - | - | 3.770 | - | - |
| 7 | सलिहा | 0.143 | - | - | - | - | - | 0.143 | - | - |
| 8 | कसही | 9.099 | - | - | 6.580 | - | - | 15.679 | - | - |
| 9 | अन्य | 100.101 | - | - | 16.805 | - | - | 163.906 | - | - |
| | योग | 562.179 | 455 | 4816 | 316.379 | 74 | 3338 | 878.558 | 529 | 8154 |
| | 1. बम्लेश्वरी डिपो के नये जलाऊ बांस 589.000 नो. टन | | | | 2. बम्लेश्वरी डिपो के निरस्त औद्योगिक बांस 163.855 नो. टन | | | | | |
| | 3. अछोली डिपो के नये जलाऊ 105 चट्टे | | | | 4. अछोली डिपो के अविक्रित लाट जलाऊ 470 चट्टे | | | | | |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वन मंडलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

जी- 252601999/2




## कार्यालय, नगर पंचायत गण्डई, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

npgandai@gmail.com
नामांतरण प्रकरण क्रमांक 737

// ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

कार्यालय दूरभाष- 07743-260277
दिनांक 04/07/2025

एतद् द्वारा स्वामित्व में हित रखने वाले हितग्राही को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत स्वामित्व के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नगर पंचायत गण्डई के अभिलेख में हस्तांतरिती के नाम दर्ज किया गया है। स्वामित्व संबंधी यदि किसी को काई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तातरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सत्यनारायण अग्रवाल पिता श्री गोविंद अग्रवाल वार्ड क्रं. 12 गण्डई | श्री गुलशन सोनी, श्री योगेश सोनी पिता स्व. श्री खगेश सोनी वार्ड क्रं. 04 गण्डई | रजिस्ट्री-पत्र | वार्ड क्रमांक 12 खसरा नं. 126/1 रकबा 0.0016 हेक्टेयर अंतर्गत 176 वर्गफीट पर पक्का मकान |
| 2 | श्री अखिल झारिया पिता श्री रामदुलारे झारिया वार्ड क्रमांक 07 गण्डई | श्री अतुल ताम्रकार पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद ताम्रकार वार्ड क्रं. 07 गण्डई | रजिस्ट्री-पत्र | वार्ड क्रमांक 07 खसरा नं. 54/2 रकबा 0.014 हेक्टेयर अंतर्गत 1140 वर्गफीट पर पक्का मकान |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत गण्डई

# प्रशासनिक आदेश के बाद ट्रस्टियों के नाम जुड़ते ही समिति के चुनाव की हलचल हुई तेज

डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में एक मां बमलेश्वरी धाम के संचालन हेतु ट्रस्ट समिति के गठन को लेकर होने वाले चुनाव की घोषणा होते ही शहर में सत्ताधारी दल व विपक्ष द्वारा पुनः सत्ता प्राप्त करने की कवायत तेज कर दी गई है। इस बीच मतदाता सूची से ट्रस्ट समिति के पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल व पूर्व मंत्री नवनीत तिवारी का नाम विलोपित करने को लेकर सत्ताधारी दल व विपक्ष के समर्थकों में तर्क वितर्क होता रहा। इस बीच ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि साधारण सभा की बैठक में हुए निर्णय को मनाना ट्रस्ट का दायित्व है। जिसके तहत पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मंत्री के नाम को विलोपित किया गया था और पंजीयन न्यायालय के निर्णय के अनुसार उनको पुनः जोड़ा गया, दोनों ही कार्य नियमानुसार किए गए।

**सामान्य सभा की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार ट्रस्टियों का नाम विलोपित किया गया और न्यायालय के आदेश के तहत पुनः नाम जोड़ा गया- अध्यक्ष मनोज अग्रवाल**

नाम विलोपित होने पर ट्रस्ट मंडल के पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल व पूर्व मंत्री नवनीत तिवारी ने ट्रस्ट समिति के पंजीयन के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम जोड़ने का निवेदन किया गया था। पंजीयन द्वारा अपने फैसले में ट्रस्ट समिति को निर्देश दिया है कि तत्काल प्रभाव से ट्रस्टीयों का नाम जोड़ा जाए। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के दिन पूर्व ट्रस्टियों का नाम जुड़ते ही दोनों दल अपने कार्यों के दम पर चुनाव मैदान में ताल ठोकते नजर आ रहे हैं। आगामी 20 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। गत 1 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था।




### 15 सदस्यों वाले ट्रस्ट में काबिज होने के लिए 8 सदस्य जरूरी

15 सदस्यों वाले ट्रस्ट मंडल में काबिज होने के लिए पैनल में से आठ सदस्यों का चुनाव जीतना जरूरी है। जिस दल के 8 प्रत्याशी चुनाव जीत कर आएंगे उनकी सत्ता बनेगी। 15 सदस्यों का चुनाव लगभग तीन हजार मतदाता करेंगे। चुनाव मैदान में बम्लेश्वरी सेवादल और मातेश्वरी पेनल के बीच मुख्य मुकाबला होना है।

गत चुनाव में संरक्षण श्रेणी के 7 प्रत्याशियों में से मातेश्वरी पैनल के 5 ने जीत हासिल की थी। जबकि अजीवन श्रेणी के समी 5 प्रत्याशी हार गए थे। साधारण श्रेणी के 3 प्रत्याशियों में मातेश्वरी पैनल से सिर्फ एक ही प्रत्याशी चुनाव जीत पाया था। मां बम्लेश्वरी सेवादल ने 9 सदस्यों के साथ ट्रस्ट पर कब्जा किया था। और सत्ता प्राप्त करते ही पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के साथ-साथ शहर विकास, शहर वासियों की सुविधा को ध्यान में रखकर ट्रस्ट समिति ने अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में अनेक उल्लेखनीय कार्य कर सत्ताधारी दल ने चुनाव मैदान में मजबूत दावा पेश किया है। वर्तमान ट्रस्ट समिति के द्वारा किए गए अनेक उल्लेखनीय कार्यों में 100 बिस्तर वाला सर्व सुविधायुक्त अस्पताल के नवनिर्माण व संचालन के साथ-साथ वाय सेफ ओवर ब्रिज की स्वीकृति के बाद उसका भूमिपूजन कराना एवं फुट अंडर ब्रिज की स्वीकृति अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।


## डॉक्टर्स-डे पर डॉ. रमन सिंह को पगड़ी पहनाकर किया विशेष सम्मान



**संस्कारधानी सेवा संस्थान का विशेष आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। गत 1 जुलाई डॉक्टर्स डे चिकित्सा दिवस पर इस सुबे के सबसे बड़े डॉ. रमन सिंह का विशेष स्वागत संस्कारधानी सेवा संस्थान के बैनर तले प्रबुद्धजनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को साफा व शॉल पहनाकर, नारियल भेंट कर उनका विशेष सम्मान करतल ध्वनि के साथ किया गया। समिति द्वारा राजनांदगांव के सुप्रसिद्ध डॉ. प्रकाश खुटे और डॉ. प्रकाश सदानी का भी विशेष सम्मान इसी तर्ज पर किया गया। डॉक्टर-डे पर समिति के इस आयोजन को शहर के प्रबुद्धजनों द्वारा अच्छा प्रतिसाद दिया जा रहा है। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, राजेश श्यामकर सहित संस्कारधानी सेवा संस्थान के राजू डागा, आलोक बिंदल, योगेश खत्री, राजा मखीजा, संजू तेजवानी, अशोक पांडे, उत्तम गेड़िया, विष्णु ढीमर आदि उपस्थित थे।

## कल पाताल भैरवी मंदिर में सुंदरकांड महोत्सव का 2052वां पाठ




राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के द्वारा सुंदरकांड महोत्सव की 19वीं माला अर्थात 2052वा सुंदरकांड पाठ बर्फानी सेवा आश्रम समिति के तत्वाधान में 6 जुलाई देवशयनी एकादशी के दिन बर्फानी आश्रम मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। श्री श्याम के दीवाने, हनुमान भक्तों एवं बर्फानी सेवा आश्रम समिति की ओर से राजेश मारु, आलोक बिंदल, गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', दीपक जोशी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री सुंदरकांड महोत्सव की 19वीं माला का 108वां पाठ 108 भक्त जोड़ों के साथ देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को श्री बर्फानी आश्रम सेवा समिति के संयोजकत्व में आयोजित है। इस महोत्सव के आशीर्वादक परम श्रद्धेय गुरुदेव बर्फानी दादाजी एवं प्रातःस्मरणीय पूज्य राजेश्वरानंद महाराज है। वहीं प्रेरणास्रोत परमश्रद्धेय नंदू शर्मा है। महोत्सव के दौरान श्री 108 महामंडलेश्वर स्वामी गोविंद महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। व्यासपीठ पर श्याम के दीवाने के पितामह राजेश शर्मा एवं प्रखर हनुमान सेवक गणेश मिश्रा की जोड़ी विराजमान होकर सुंदरकांड का वाचन करेगी।

**0 महामंडलेश्वर गोविंद महाराज के सानिध्य में 108 जोड़े करेंगे सुंदरकांड पाठ**

**0 बर्फानी सेवा आश्रम समिति के संयोजकत्व में होगा आयोजन**

समिति के दीपा शर्मा, रिंकू मिश्रा, दीपक अग्रवाल, संतोष हुंका द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुंदरकांड की एक माला अर्थात 107 पाठ पूरे होने पर 108वां पाठ महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अभी तक 19 वीं माला के 107 पाठ पूर्ण हो चुके है। 19वीं माला का 108वां पाठ अर्थात 2052वां पाठ देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में आयोजित है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से हमारे हनुमान का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती होगी। शाम 5:31 बजे से श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के साथ 108 भक्त जोड़ों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालु भक्त माता, बहनों एवं बंधुओं से इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर तन, मन, धन से सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## मोदी सरकार का विकास मॉडल अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है



राजनांदगांव (दावा)। हजरत बाबा जलालुद्दीन शाह दरगाह पारीनाला में आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर रचनात्मक कार्यक्रम की कड़ी में वृक्षारोपण किया एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का विकास मॉडल अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों के लिए सतत रूप से किए जा रहे हैं, विकास निर्माण कार्यों एवं क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की जमकर प्रशंसा की। मोदी सरकार के बेमिसाल ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम वाईडनयर स्कूल स्थित चर्च में क्रिश्चियन समाज के सभी वरिष्ठजनों की गणमान्य उपस्थिति में एवं हजरत बाबा जलालुद्दीन शाह (पारीनाला) दरगाह में आयोजित किया गया।

**जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में कहां**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्षों के बेमिसाल कार्यकाल को चिन्हित करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला राजनांदगांव द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष भाई मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें विशेष रूप से प्रदेश प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा सद्दाम खान, महापौर मधुसूदन यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, महामंत्री शाहिद ख़ान, पूर्व राज्यमंत्री अकरम कुरैशी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा सिकंदर ख़ान, प्रदेश मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा रफीक ख़ान, श्रीमती रेशमा शेख, जिला महामंत्री एव कार्यक्रम प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा ज़हीर अब्बास, उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ, अफ़ज़ल ख़ान, असलम ख़ान, दक्षिण मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर, उत्तर मंडल अध्यक्ष सलीम कुरैशी, भूरू बड़गुजर, अफ़सर ख़ान आदि उपस्थित रहे।

## जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 9 को



राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 9 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में फायर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्ट्रीट्यूट राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा फायरमेन के 20 पद केवल पुरूष, सिक्यूरिटी गार्ड के 150 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद केवल पुरूष, ड्राईवर हैवी लाईसेंस के 10 पद केवल पुरूष, होम केयर टेकर सर्विस के 100 पद एवं सनसूर श्रुष्टि इंटरप्राजेस बजरंग चौक तुलसीपुर राजनांदगांव द्वारा ब्रांच मैंनेजर के 33 पद, बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर के 10 पद तथा वृंदा इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा फिटर के 50 पद, वेल्डर के 40 पद, गैस कटर के 35 पद, ग्राइंडर के 30 पद, हेल्पर के 50 पद, एसएपी ऑपरेटर के 3 पद, एनडीटी लेवल टू के 2 पद, असिस्टेंट इंजीनियर के 4 पद, सेफ्टी ऑफिसर के 2, क्यूए व क्यूसी इंजीनियर के 4 पद पर भर्ती की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ का नाम ऊंचा कर रहा संस्कारधानी के वायलिन वादक गुरु मदन लाल सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। जब उंगलियों की कोमल हरकतें तारों पर चलती हैं और मन के भावों को सुरों में बदल देती हैं, तब वह संगीत आत्मा से संवाद करने लगता है। ऐसा ही एक नाम है मदन लाल सिन्हा एक 70 वर्षीय वायलिन वादक, जिनकी धुने आत्मा को छू जाती हैं। राजनांदगांव जैसे सांस्कृतिक नगर में अपने दो कमरे के घर में जहां हर कोना संगीत के स्पंदन से गूंजता है। वहीं ये कला साधक बिना किसी दिखावे के आज भी संगीत की तपस्या में लीन हैं।

गौरतलब है कि संगीत की ओर पहला कदम तब बढ़ा जब उनके मित्र के बड़े भाई बसंत ने धमतरी आकर वायलिन बजाया। उस दिन पहली बार उन्होंने इस वाद्य यंत्र की सजीव ध्वनि सुनी और उसी क्षण जीवन की दिशा तय हो गई। महाजन सर उनके मार्गदर्शक बने। जिनके पुराने वायलिन को उन्होंने प्रेम से संजोया और उन्हीं से वादन की प्रारंभिक शिक्षा ली। मैट्रिक की पढ़ाई के बाद उन्होंने खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से विधिवत संगीत शिक्षा प्राप्त की और वायलिन को न केवल वाद्य यंत्र, बल्कि अपने आत्मिक साधना का माध्यम बना लिया। वे मानते हैं कि आज भी वे एक साधक हैं और सीखना कभी बंद नहीं होना चाहिए। पंडित कीर्ति व्यास जैसे महान वायलिन वादकों से आज भी मार्गदर्शन प्राप्त करना उन्हें गौरव और शांति देता है।

कलाकार मदन लाल सिन्हा की साधना ने उन्हें सीमाओं से परे पहुंचाया। अमेरिका, फ्रांस, लंदन जैसे सांस्कृतिक मंचों पर उन्होंने वायलिन की मधुर ध्वनि से भारत की आत्मा को प्रस्तुत किया, लेकिन वे अपनी सफलता का श्रेय कभी स्वयं को नहीं देते। यह सब गुरुजनों के आशीर्वाद और वर्षों की साधना का प्रतिफल मानते हैं। संगीत उनके लिए सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि पूजा है। जब वे वायलिन बजाते हैं तो वह केवल ध्वनि नहीं होती, वह आत्मा की भाषा होती है। सुर, लय और ताल की त्रिवेणी में बहते हुए उन्हें वह असीम शांति प्राप्त होती है, जो शब्दों से परे है। उन्होंने अपने वाद्य यंत्रों को ही जीवन साथी बना लिया है और उन्हीं के बीच साधना में लीन रहते हैं। मदन लाल सिन्हा नवोदित कलाकारों को यह संदेश देते हैं कि कला साधना है, प्रदर्शन नहीं। सस्ती लोकप्रियता के पीछे भागने के बजाय अच्छे गुरु के मार्गदर्शन में स्थायी ज्ञान प्राप्त करें। उनका जीवन यह सिखाता है कि सादगी में ही श्रेष्ठता बसती है और असली संगीत वहां होता है, जहां हृदय पूर्ण समर्पण से जुड़ा हो। वर्तमान में वे खुमान साव संगीत अकादमी राजनांदगांव में बतौर संरक्षक नवोदित कलाकारों को मार्गदर्शन दे रहे हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में RJN-KAV सेक्शन में शेष PSI कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक:** 07/TENDER/EL/CON/SECR/RSP/2025 दिनांक: 28.06.2025
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में RJN-NGP के तीसरी लाइन कार्य के संबंध में RJN-KAV सेक्शन के बीच शेष PSI कार्यों का निष्पादन और कमीशनिंग।
**निविदा मूल्य:** ₹ 2,02,02,264/- (रु. दो करोड़ दो लाख दो हजार दो सौ चौसठ मात्र)
**बयाना राशि:** ₹ 2,51,000/- (रु. दो लाख इक्यावन हजार मात्र)
**कार्य पूरा होने की अवधि:** 12 (बारह) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
**निविदा बंद होने का समय एवं तिथि:** दिनांक 23.07.2025 को 15:30 बजे।
**वेबसाइट विवरण:** ई-निविदा से संबंधित दस्तावेज, अधिक जानकारी, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/डाउनलोड करें।

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपर, नागपुर

MS/13-60

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## पूजा, हवन व आरती के बाद हुआ प्रसादी का वितरण





राजनांदगांव (दावा)। हमाल पारा शनि मंदिर रोड स्थित श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत मंदिर में संत व देवी-देवताओं की प्रतिमा का मंत्रोच्चार से हुई प्राण प्रतिष्ठा किया गया।

### रामधुन व हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

महिला मंडल व उपस्थित सदस्यों द्वारा रामधुन व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटेल, विजिया गवते, रमा देशमुख, अल्का मानकर, मंदा समरीत, नीतू बावनकर, नंदा आंबिलकर, बबीता गायधनी, साधना घाटोड़े, रितु हटवार, नीता गायधने, रोशनी हटवार, वर्षा अवचट, मंजू कुरंजेकर, अनामिका हटवार व सभी सदस्य उपस्थित थे।

**हनुमान चालीसा का हुआ पाठ**

महिला मंडल सदस्य रंजू (दुर्गा) बावनकर ने आगे बताया कि पूजा हवन व आरती में नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव, वार्ड पार्षद वर्षा शरद सिन्हा, समाज के अध्यक्ष राजेश (बंडू), समरीत, हिम्मत लाल पाटिल, हरिकृष्ण साकुरे, चंद्रशेखर बावनकर, श्यामा गायधने, बसंत अवचट, चुन्नीलाल बिसने, मदन मानकर, बसंत समरीत, अनिल मानकर, संतोष समरीत, चंद्रभूषण (संजू) गायधनी, अरुण घाटोड़े, गजेंद्र लांबट, प्रेमचंद देशमुख, शैलेन्द्र महाकालकर, बंडू गायधने, शंकर साकुरे, अजय वाघमारे, संतोष हटवार, कमलेश अवचट, राजू नायखोरे, दीपक गायधने, रितेश गवते, प्रकाश (पिंटू) समरीत, अजय गिरेपुंजे, हनुमान भक्त, मोहल्लेवासी व महाराष्ट्रीयन तेली समाज के सभी वरिष्ठजन सदस्य उपस्थित थे।

## वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर आज सुबह पहुँचे कन्हारपुरी



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड निरीक्षण की कडी में महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह कन्हारपुरी का निरीक्षण कर वार्डवासियों से मुलाकात कर साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने कांजी हाऊस का जायजा लेकर मवेशियों के लिए व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

**कांजी हाऊस में व्यवस्था दुरूस्त करने एवं स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के दिये निर्देश**

वार्डो में जाकर वार्डवासियों से मुलाकात करने एवं उनसे मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी लेने की कड़ी में महापौर श्री यादव आज सुबह कन्हारपुरी पहुँच वार्डवासियों से रूबरू हो उनके साफ सफाई तथा काम के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने शंकर भवन चौक में नाली देख पानी निकासी के लिए आगे नाली बनाने स्थल निरीक्षण किए, वही वार्ड में स्वीकृत कार्य चालू नही होने की शिकायत पर शेड निर्माण के अलावा रोड नाली निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कराने उप अभियंता अशोक देवांगन को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही नही होनी चाहिए, संबंधित ठेकेदार से सम्पर्क कर तत्काल कार्य प्रारंभ करावे, ताकि उसका लाभ वार्डवासियों को मिल सकें।

महापौर श्री यादव कन्हारपुरी कांजी हाऊस का निरीक्षण किए और वहां की व्यवस्था देख प्रभारी रमेश बघेल से मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा पानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मवेशी पकड़कर कांजी हाऊस में रखने के पश्चात उसके देखरेख का विशेष ध्यान रखा जाए, नियमित रूप से चारा पानी दिया जाए तथा निर्धारित शुल्क लेकर मवेशी छोड़ा जावे। उन्होंने कांजी हाऊस में आवश्यक व्यवस्था सुदृढ़ करने कहा। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य डीलेश्वर प्रसाद साहू, वार्ड पार्षद श्रीमती मोहनी भारती, पार्षद संतोष साहू, पूर्व पार्षद श्रीमती सुनीता साहू, पार्षद प्रतिनिधि युवराज भारती व संतोष निर्मलकर के अलावा वार्ड के ताराचंद साहू, सोहन लाल साहू, जितेन्द्र देवांगन, श्रीमती रेवती साहू, प्रकाश मारकण्डे आदि उपस्थित थे।

## सीईओ जिला पंचायत ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों तथा समसामयिक विषयों की समीक्षा की। उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर जिला अधिकारियों, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने आगामी रबी फसल में फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में कार्ययोजना बनाकर धान की जगह अन्य फसल लेने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पिछले वर्ष की भांति गांव-गांव में फसल संगोष्ठी का आयोजन कर व्यवहार परिवर्तन हेतु किसानों को प्रेरित करने के लिए कहा।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की विकासखंडवार समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन आवास में तेजी लाने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों एवं अन्य मैदानी अधिकारियों को स्थल का सतत निरीक्षण करने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने वय वंदन आयुष्मान कार्ड और सामान्य आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने कहा। उन्होंने एएमसी जॉच, संस्थागत प्रसव, एनिमिया की रोकथाम एवं बचाव के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने कहा। स्वास्थ्य भवनों में अनिवार्यतः रेनवाटर हार्वेस्टिंग, फेल बोरवेल में नाली निकासी एवं सोख्ता गढ्ढा की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया।

बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण की विकासखंडवार समीक्षा की गई। बैठक में ओडीएफ वेरिफिकेशन तथा फीडबैक के कार्य को पूर्ण कर अवगत कराने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। बैठक में व्यक्तिगत शौचालय का जियो टैग करने हेतु रोजगार सहायकों को इस कार्य में लगाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एसएलडब्ल्यूएम सेंटर में रखे मशीनों को नियमित अवलोकन करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सार्वजनिक शौचालय, स्वास्थ्य केन्द्र, शासकीय भवनों की साफ-सफाई, नाली निकासी, तालाबों की सफाई, सार्वजनिक हैण्डपंप के आस पास स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिए। बैठक में सभी योजनांतर्गत चल रहे कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



राजनांदगांव (दावा)। चिचोला पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र की नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि उक्त आरोपी द्वारा नाबालिग से शादी का आवश्वासन देकर लगातार दुष्कर्म करते आ रहा था। जब उक्त नाबालिग को 5 माह का गर्भ ठहर गया और इससे उसकी तबियत बिगड़ने लगी तो इसका का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

चिचोला पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त घटना के संबंध में पीड़ित नाबालिग की माता प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 12 वर्ष की पुत्री के साथ रानीतालाब घाघर देव निवासी आकाश सोलंकी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जिसके कारण प्रार्थिया की पुत्री 5 माह की गर्भवती हो गई थी। जिसकी तबियत खराब होने पर ईलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में लाकर भर्ती कराया था। डॉक्टर के द्वारा बताया गया कि पेट में जो बच्चा है, वह खत्म हो गया है। डॉक्टर के द्वारा ईलाज कर मृत बच्चे को बाहर निकाला गया। प्रार्थिया के उक्त रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया अपराध धारा 64(2)(रू)(बी.एन.एस.), धारा 4, 6 पाक्सो एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 134/2025 कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिस पर उनके द्वारा आरोपी की तत्काल गिरफ्तार करने के संबंध में दिशा निर्देश प्राप्त होने पर गुरुवार 3 जुलाई को आरोपी आकाश सोलंकी को उसके घर के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया गया और उसे गिरफ्तार कर डोंगरगढ़ न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

## अनमोल दावा



**किताबें केवल कागज नहीं, वो खिड़कियां हैं जिनसे तुम नए जहान देख सकते हो।**

# सुधार के नाम पर शिक्षा से खिलवाड़, सरकारी कदम पर विवाद और चिंताएं

आंकड़े बताते हैं कि इसके लागू होने के बाद से इन विश्वविद्यालयों में लड़कियों के दाखिले में 30 प्रतिशत तक की कमी आई है। दिल्ली विश्वविद्यालय में ही नामांकन अब केवल उत्तर भारत के तीन-चार राज्यों तक सीमित होकर रह गया है जिसमें कभी पूरे देश के मेधावी युवा आते थे।

शिक्षा में सुधार के कुछ सरकारी कदम विवादास्पद बनते जा रहे हैं। हाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने करीब 5,000 स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया है। इससे पहले राजस्थान और अन्य राज्यों की सरकारें भी हजारों स्कूलों को विलय के नाम पर बंद कर चुकी हैं। तर्क दिया जा रहा है कि जहां 50 से कम बच्चे हैं, उन्हें नजदीकी स्कूल में स्थानांतरित किया जाएगा। जो लोग देश के छह लाख से अधिक गांवों से परिचित हैं, वे शिक्षा पर इसके भयानक दुष्परिणाम की कल्पना कर सकते हैं। लगातार प्रयासों के बाद हमारी साक्षरता दर 80 प्रतिशत तक पहुंची है, जिसमें लड़कियों की साक्षरता दर विशेष रूप से उत्तर भारत में बहुत कम है।

बिहार और उत्तर प्रदेश की स्थिति तो समग्र साक्षरता में निराशाजनक है। यदि नजदीकी स्कूल बंद हुए, तो इसका सबसे बुरा असर लड़कियों की शिक्षा पर पड़ेगा, जो किसी भी समाज और देश के विकास के लिए एक बुनियादी शर्त है। देश की लड़कियां कम सुविधाओं के बावजूद हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन कुछ नीतियां उलटे उनके खिलाफ जाती दिख रही हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए लाई गई नई प्रवेश परीक्षा सीयूईटी ने भी उनके नामांकन पर असर डाला है।

आंकड़े बताते हैं कि इसके लागू होने के बाद से इन विश्वविद्यालयों में लड़कियों के दाखिले में 30 प्रतिशत तक की कमी आई है। दिल्ली विश्वविद्यालय में ही नामांकन अब केवल उत्तर भारत के तीन-चार राज्यों तक सीमित होकर रह गया है, जिसमें कभी पूरे देश के मेधावी युवा आते थे। इस बीच विदेश में पढ़ने वालों की संख्या पिछले पांच वर्षों में दोगुनी से भी अधिक हो गई है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम कहता है कि पहली से पांचवीं कक्षा तक हर बच्चे के लिए एक किलोमीटर पर स्कूल होना चाहिए और छठी से आठवीं कक्षा तक हर बच्चे के लिए तीन किलोमीटर के दायरे में ही स्कूल होने चाहिए। संभवतः उत्तर प्रदेश सरकार ने इस पक्ष पर गंभीरता से विचार नहीं किया है। इसके पीछे वे नीति निर्माता प्रतीत होते हैं जिनमें से अधिकतर नगरों, महानगरों और विदेश और अंग्रेजी माध्यम में पढ़े हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान शिक्षा में कुछ अच्छे काम किए थे, जिसमें 60 हजार शिक्षकों की भर्ती भी शामिल थी। इससे सभी स्कूलों में योग्य शिक्षक उपलब्ध हो गए हैं। इस बीच शौचालय और अन्य भवनों में भी बहुत सुधार हुआ है, लेकिन अकेले इस कदम से पिछले दशकों में साक्षरता, शिक्षा और स्कूलों को बेहतर करने के प्रयासों को बहुत बड़ा धक्का लगेगा। इस यू-टर्न से भारत के विकसित देश बनने का सपना बिखर सकता है।

इस बात की गहराई से पड़ताल होनी चाहिए कि सरकारी स्कूलों में बच्चे क्यों कम हो रहे हैं? शिक्षकों पर कुछ अन्य अतिरिक्त काम जैसे-जनसंख्या से जुड़े आंकड़े जुटाने, चुनाव कराने, बैंक खाता खुलवाने, मिड डे मील योजना को लागू करने जैसी जिम्मेदारियां कम क्यों नहीं की जा सकती हैं? क्यों जिला स्तर पर इन स्कूलों में निरीक्षण और उनकी समस्याएं सुनने का तंत्र विकसित नहीं हो पाया है? उनके मोटिवेशन के लिए जिला स्तर पर ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं?

सर्वे बताते हैं कि जिला अधिकारी मुश्किल से पांच प्रतिशत सरकारी स्कूलों में जाते हैं। सरकारी स्कूलों में सरकार छात्रों को यूनिफार्म देती है, वजीफा देती है, कोई फीस नहीं लेती और प्रतियोगी परीक्षाओं से चुने हुए योग्य शिक्षक नियुक्त होते हैं। इसके बावजूद वहां बच्चे नहीं आते। यह आजाद भारत के लिए सबसे बड़ी विडंबना है। यह सरकारी तंत्र की असफलता है। 2015 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने निर्णय भी दिया था कि हर सरकारी कर्मचारी, विधायक आदि के बच्चों का इन स्कूलों में पढ़ना अनिवार्य हो। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए सरकार को इसे लागू करना चाहिए। इसके साथ-साथ स्कूलों में पुस्तकालय, प्रयोगशाला और बेहतर पाठ्यक्रम अपनी भाषा में बनाया जाना चाहिए। इससे बच्चे अंग्रेजी के बोझ से मुक्त होंगे और आत्मनिर्भर भी बनेंगे। जिला स्तर पर इस बुनियादी परिवर्तन से ही सरकारी स्कूल चमकने लगेंगे।

नई शिक्षा नीति के नियम का भी इस पर असर पड़ा है। नियम कहता है कि पहली क्लास में छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नामांकन नहीं होगा। इसके चलते बच्चे सरकारी स्कूलों में आने बंद हो गए हैं। इस बीच कुकुरमुत्ते की तरह बिना ठीक-ठाक बिल्डिंग, शौचालय, खेल की सुविधाओं के निजी स्कूलों में दाखिले की बाढ़ आ गई है। एक बार बच्चा वहां दाखिल हो गया, तो उसे निकालना आसान नहीं होता। इसलिए दाखिले की उम्र तुरंत पांच वर्ष करने की जरूरत है।

इन स्कूलों में शिक्षक भर्ती की योग्यता का भी कोई पैमाना नहीं है। रोजगार का पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बेरोजगार नौजवानों में बढ़ता असंतोष बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा और राज्यों के आने वाले विधानसभा चुनावों पर भी इसका असर हो सकता है। हर वर्ष 25 जून को हम आपातकाल को याद करते हैं, जिसमें लोगों की आवाज को पूरी तरह से अनसुना कर दिया गया था या रोक दिया गया था। बेहतर शिक्षा, समान शिक्षा हर लोक का हक है।

# महिला कॉलेज में पुरुष प्रिंसिपल, लॉटरी सिस्टम से कॉलेजों के प्रिंसिपल की नियुक्तियां

**सीटू तिवारी**

पटना यूनिवर्सिटी के कई कॉलेजों में पहली बार लॉटरी सिस्टम से प्रिंसिपल की नियुक्ति हुई है. यूनिवर्सिटी से संबद्ध पटना साइंस कॉलेज, वाणिज्य महाविद्यालय, मगध महिला कॉलेज और पटना कॉलेज में ये नियुक्तियां हुई हैं.

बीते बुधवार को राजभवन के आदेश के मुताबिक़, पटना यूनिवर्सिटी में इसके लिए बाक़ायदा लॉटरी निकाली गई.इसी लॉटरी के आधार पर पटना साइंस कॉलेज, वाणिज्य महाविद्यालय, पटना कॉलेज और मगध महिला कॉलेज में प्रिंसिपलों की नियुक्तियां हुई हैं.लॉटरी सिस्टम से प्रिंसिपल बनाए जाने के इस क़दम की आलोचना राज्य के शिक्षाविद कर रहे हैं.

पटना यूनिवर्सिटी की डीन ऑफ़ सोशल साइंसेज़ रही भारती एस कुमार कहती हैं, ये कोई वैज्ञानिक तरीका नहीं है. प्रिंसिपल के पद पर सेलेक्शन का आधार मेरिट होना चाहिए. साइंस कॉलेज, आर्ट्स कॉलेज के प्रिंसिपल अगर अपने छात्रों की ज़रूरतों को नहीं समझेंगे तो ऐसी नियुक्तियों का कोई मतलब नहीं है.

बिहार में कुल 17 स्टेट यूनिवर्सिटी हैं और राज्यपाल इन सभी के कुलाधिपति होते हैं. पटना यूनिवर्सिटी के बाद लॉटरी सिस्टम की ये प्रक्रिया बाकी सभी यूनिवर्सिटी में भी होगी.

पटना यूनिवर्सिटी के एक प्रोफ़ेसर नाम नहीं छापने की शर्त पर बताते हैं, राज्यपाल को ये शिकायत मिली थी कि प्रिंसिपल की पोस्टिंग में रुपयों का लेन-देन बड़े पैमाने पर होता है जिसके बाद ये लॉटरी सिस्टम ला दिया गया. दरअसल इसे मेरिट आधारित बनाना चाहिए था. इस क़दम ने पटना यूनिवर्सिटी को और ज़्यादा बर्बाद कर दिया है। सुहेली मेहता जिन्होंने वाणिज्य महाविद्यालय में अपनी नियुक्ति होने के बाद ज्वाइन करने से इनकार कर दिया है।



बिहार स्टेट यूनिवर्सिटी कमीशन ने साल 2023 में बिहार के अलग-अलग कॉलेजों के लिए 173 प्रिंसिपल के पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था.प्रिंसिपल के पद के लिए अभ्यर्थियों से 15 साल का अकादमिक अनुभव, उनके रिसर्च पेपर, किताबें आदि की सूची मांगी गई थी. जिसके बाद साल 2025 में अभ्यर्थियों का इंटरव्यू हुआ. ये इंटरव्यू बिहार स्टेट यूनिवर्सिटी कमीशन द्वारा गठित तीन एक्सपर्ट्स के बोर्ड ने लिया था.इंटरव्यू के आधार पर मार्च 2025 में 116 सफल अभ्यर्थियों की घोषणा की गई थी. इसमें 77 प्रिंसिपल अनारक्षित कोटे से, 16 पिछड़ा वर्ग से, 3 अति पिछड़ा वर्ग से और 15 अनुसूचित जाति की कैटेगरी से चुने गए थे. बाकी 3 विधि संकाय अंतर्गत चुने सफल अभ्यर्थी थे.

प्रिंसिपल की इस नियुक्ति में सुहेली मेहता ने टॉप किया था. अनारक्षित कोटे में टॉपर बनी सुहेली मेहता को पटना स्थित वाणिज्य महाविद्यालय का प्रिंसिपल बनाया गया है.

सुहेली मेहता ने इस पद को लेने से इनकार कर दिया है. वो बीबीसी से कहती हैं, ÷ये शिक्षा व्यवस्था का दुर्भाग्य है कि प्रिंसिपल के पद को लॉटरी से बांध दिया गया है. मैंने शुरुआत में ही इसका विरोध किया था. लॉटरी सिस्टम के विरोध में हाईकोर्ट का दरवाज़ा भी खटखटाया था लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी. एक टॉपर को उसकी मनचाही पोस्टिंग मिलती है. मैं मगध महिला कॉलेज की प्रिंसिपल बनना चाहती थी लेकिन मुझे वाणिज्य दे दिया. यहां दिलचस्प है कि सुहेली मेहता, गृह विज्ञान पढ़ाती हैं लेकिन उन्हें वाणिज्य महाविद्यालय का प्रिंसिपल बना दिया गया है. इसी तरह पटना साइंस कॉलेज की प्रिंसिपल अलका को बनाया गया है जो गृह विज्ञान पढ़ाती हैं.

1927 में स्थापित पटना साइंस कॉलेज एक ज़माने में बहुत मशहूर रहा है और यहां दाख़िला लेना ही बहुत मुश्किल होता था. ये पहली बार होगा जब कला संकाय के किसी विषय की प्रोफेसर की नियुक्ति पटना साइंस कॉलेज के प्रिंसिपल के पद पर हो रही है.

पटना साइंस कॉलेज की प्रिंसिपल बनी अलका बीबीसी से कहती हैं, ÷मैं एमएससी होम साइंस हूं और मैं अपनी नियुक्ति को बिल्कुल सही मानती हूं. नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में मेजर के अलावा माइनर में स्टूडेंट कोई भी सब्जेक्ट ले सकते हैं. ऐसे में मेरी नियुक्ति अच्छा कदम है. दूसरा ये कि सरकार की कई नौकरियों में लॉटरी निकलती है तो इसमें दिक्कत कहां है?÷ब्रिटिश राज के दौरान 1863 में स्थापित पटना कॉलेज आर्ट्स की पढ़ाई के लिए मशहूर रहा है. लेकिन कॉलेज का प्रिंसिपल अनिल कुमार को बनाया गया है जो केमिस्ट्री पढ़ाते हैं.पटना यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट में नाराज़गी दो बातों को लेकर है. पहला तो ये कि लॉटरी सिस्टम से कई कॉलेजों में प्रिंसिपल की नियुक्ति की गई है. दूसरा ये कि मगध महिला कॉलेज में पुरुष प्रिंसिपल की नियुक्ति हुई है. पटना यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन के सेंट्रल पैनल की सौम्या श्रीवास्तव कहती हैं, ÷भला छात्राएं एक पुरुष प्रिंसिपल से अपनी सारी परेशानियां कैसे कह सकती हैं? हम लोग पटना के माहौल में पले-बढ़े हैं, ग्रेजुएशन में पढ़ते हैं. हमें दस तरह की समस्याएं रहती हैं, हम वो अपने प्रिंसिपल से कैसे कहेंगे? बाकी इस बात का कोई मतलब नहीं कि लॉटरी सिस्टम से नियुक्ति हो.

# हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों का प्रमुख केंद्र बनेगा छत्तीसगढ़

**जी.एस. केशरवानी, उप संचालक**

छत्तीसगढ़, भारत में हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने जा रहा है। मध्य भारत की सबसे बड़ी और सबसे आधुनिक केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई भी दुर्ग जिले के जामगांव (एम) में स्थापना की गई है। यहां राज्य के वनों में उपलब्ध लघु वनोपजों का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण किया जाएगा। इस इकाई में हर वर्ष लगभग 50 करोड़ रूपए के आयुर्वेदिक औषधीय उत्पादों का उत्पादन एवं प्रसंस्करण किया जाएगा। यह प्रसंस्करण केंद्र छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा निर्मित किया गया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उद्यमियों को गुणवत्तायुक्त उत्पाद तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के वनोत्पाद के प्रसंस्करण और वैल्यूएडिशन पर विशेष फोकस किया जा रहा है। राज्य की नई उद्योग नीति में भी वनोपज प्रसंस्करण इकाईयों को थ्रस्ट सेक्टर में शामिल किया गया है तथा इसके लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। अत्याधुनिक केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई से फारेस्ट टू फार्मेसी मॉडल की शुरुआत हुई है। इस इकाई का मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने हाल में ही लोकार्पण किया है। यह प्रसंस्करण इकाई लगभग 27.87 एकड़ में फैला हुआ है। यहां फार्मास्युटिकल ग्रेड उपकरणों द्वारा आधुनिक ढंग से आयुर्वेदिक एवं हर्बल औषधियों का उत्पादन होगा। इस इकाई में आयुर्वेदिक औषधियों के चूर्ण, सिरप, तेल, अवलेह एवं टैबलेट के रूप में उत्पादन, प्रसंस्करण तथा पैकेजिंग किया जायेगा। इस इकाई में मशीन स्थापना, संचालन तथा विपणन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। आयुर्वेदिक औषधि इकाई में 36.47 करोड़ रूपए की लागत से क्वॉरेंटाइन बिल्डिंग, प्री-प्रॉसेसिंग बिल्डिंग, मटेरियल स्टोरेज बिल्डिंग, मेन प्लांट बिल्डिंग आदि बनाए गए हैं।

हर्बल एक्सट्रैक्शन यूनिट 6.04 एकड़ में बनाई गई है, इसकी लागत 23.24 करोड़ रुपए है। इसमें आधुनिक मशीनरी के माध्यम से विभिन्न औषधीयों, वनस्पतियों से अर्क निकाले जाएंगे। इस यूनिट में गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, शतावरी आदि महत्वपूर्ण औषधीय, वनस्पतियों से अर्क निकालकर उन्हें आयुर्वेदिक औषधियों तथा अन्य वेलनेस उत्पादों के प्रसंस्करण व निर्माण में उपयोग किया जाएगा। केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई जामगांव में 2000 से अधिक स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

## विचार सरिता

# गद्य कविता: बने रंगीन हर तस्वीर

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



तस्वीर रंगीन होती है
कोई तस्वीर श्वेत श्याम
नहीं होती,
तस्वीर बाह्य छवि है,
चाहे खुशी हो या गम
निराशा हो या प्रसन्नता
दुनिया के सामने बनने वाली
हर तस्वीर रंगीन होती है,
मगर एक तस्वीर
देह के भीतर भी होती है,
उसके मन की होती है
उसकी असलियत, यथार्थ,
उसके हालात का आईना,
मगर ये आईना भीतर होता है,
भीतर चाहे हो कितनी उथलपुथल,
मन का झंझावात, पीड़ा,
साधनों के अभाव का रंज,
लेकिन यह तस्वीर
भीतर रखनी होती है,
बाहर की तस्वीर सदा एक सी।
तस्वीर रंगीन होती है,
बाहरी रंग कभी-कभी दिखावे के होते हैं,
आंतरिक रंग समाज देखना नहीं चाहता,
न उभरने देता है,
इसीलिए, एक छत के नीचे
अनेक दुनिया बसी होती है,
स्वार्थ अहं की दीवारें
एक कहाँ होने देती है,
अपनी-अपनी खूबसूरती है,
तस्वीर चाहे स्याह कालिमा की हो,
या विविध रंगों से बनी हो,
हर तस्वीर अधूरी है,
एक दूसरे की तस्वीर में
भरकर रंग, करें नव सृजन
और साथ मिल बनाएँ,
रंगीन हर तस्वीर,
खेतों से उद्योगों तक
सड़कों से सरहद तक
हर गली, हर गाँव में,
रंगीन हर तस्वीर।

## शब्द सामर्थ्य -099
(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 098 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | बा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू क्र.099

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 098 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

# भक्ति का नया रूप, मिली भगत

बानी बोले - ''ठेकेदार के जादुई खेल का किस्सा
आज आप सुनिए गजाधर भाई।
मोहला-मानपुर जिले के ग्राम पंचायत
करमरी में ठेकेदार ने
तकनीकी मानकों को ताक में रखकर
सीधे मिट्टी पर ही कर दी पुल की ढलाई।
न तो सेन्टरिंग प्लेट का उपयोग हुआ
न कॉलम में सरिया डाली
तो परिणाम उसका यह रहा।
कि बारिश में पुल बहा।
अब सवालों के घेरे में है
करमरी का वह पुल
जो दो माह पहले
पंद्रह लाख में हुआ था तैयार!
तो मैं आपसे पूछता हूँ यार!
ठेकेदार भी तो आखिर मनुष्य है
वह भी पूजा-पाठ करता होगा,
तो उसे, ऐसे भ्रष्ट काम करते,
बुरा नहीं लगता होगा?''
गजाधर मुस्कराए बोले - ''बानी!
नहीं जरा भी बुरा नहीं लगता है।
क्योंकि इस जमाने को देखते हुए,
मेरा मन कहता है-
हर एक की भक्ति का
अपना-अपना जगत है।
कोई राम का भगत है,
कोई हनुमान का भगत है,
कोई बानी! देवी भगत है
और जिसकी, पैसे के
प्रति अधिक आसक्ति है,
उसकी, नेता और अफसर से,
मिली भगत है।''



गिरीश बख्शी

## कविता


# क्यों होते हो निराश अभी से

क्यों होते हो निराश अभी से
क्यों होते हो हताश अभी से
अभी तो तुमने चलना सिखा,
कदम बढ़ाना बाकी है
अभी तो तुमने गिरना सिखा,
छलांग लगाना बाकी है।
तू ही तो हौसले की खान है
तू दृढ है तेरी दृढ़ता महान है
एक बार कोशिश तो कर,
तेरा जज्बा अभी बाकी है
संकल्प करले कमर कस ले,
एक दांव तेरा बाकी है।
तुझमें वो, असीम हौसला है
तेरा विश्वास नही खोखला है
तेरे मन में विश्वास की,
पक्की जीत अभी बाकी है।
तेरा आखिरी हथियार,
आत्मविश्वास अभी बाकी है।
तेरे इरादे सख्त व, बुलंद है
तेरे अंदर में शक्ति अनंत है
तुझमें है शक्ति आसमान की
ऊंचाई नापना बाकी है
तू समंदर भी नाप लेगा
वो वजूद का असर बाकी है।
- अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा, शिवरीनारायण (छ.ग.)



अशोक पटेल


## राशिफल



**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको किसी से धन की प्राप्ति हो सकती है। आज आपकी मुलाकात किसी खास व्यक्ति से होगी, जिससे मिलकर आपको प्रसन्नता होगी। आपके बच्चे आज आपकी हर बात मानेंगे, परिवार में शांति का माहौल बना रहेगा। महिलाओं के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।




**वृष राशि**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको बिजनेस में धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। आज आपको काम के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। रिश्तों में ताल ङ्क मेल बना रहेगा, बच्चों के साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं। सम्पति को लेकर चल रहे विवाद का आज निपटारा हो सकता है।




**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। जो लोग किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का प्लान बना रहे हैं, आज उनको एक बड़ी डील का ऑफर मिलेगा। सामाजिक सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज और अच्छा काम करने का अवसर प्राप्त होगा। आज आपको किसी पारम्परिक परम्परा को निभाने का अवसर प्राप्त होगा।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप पार्टनरशिप में अपने बिजनेस को आगे बढ़ाएंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगे। आज आपको संतान पक्ष से विशेष सूचना मिल सकती है। आज आप भाई बहनों के साथ खूब इंजॉय करेंगे। आज आपको किसी बड़ी जिम्मेदारी का दायित्व प्राप्त होगा।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहेगा। व्यापार में धन लाभ होने के साथ ङ्क साथ खर्च की अधिकता बनी रहेगी। दांपत्य जीवन में सुधार होगा, परिवार में खुशियां आयेंगी। आज बच्चे आपसे पढ़ने ङ्क लिखने के लिए विदेश जाने की बात कर सकते है। किसी भी शुभ काम के लिए निकलने से पहले, आज आप गुरु का आशीर्वाद जरुर लें



**कन्या**
आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज का दिन आप खुद के साथ बिताना पसंद करेंगे। संगीत से जुड़े लोगों को आज एक अच्छा ऑफर मिलेगा, जिससे उनको करियर में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप लोगों को अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिल सकता है।




**तुला**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक ङ्क सुख सुविधाओं का लाभ उठाएंगे। पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा, जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों का स्थान परिवर्तन हो सकता है।




**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहने वाला है। आज आप किसी कवि संगोष्ठी में जा सकते है, जहां अनुभवी व्यक्तियों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी के साथ आज आप सामंजस्य बनाकर रखेंगे। आज आप किसी सार्वजनिक मंच पर अपने विचार साझा करेंगे, जहां लोग आपसे प्रभावित होंगें।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको बिजनेस में बड़ा आर्डर मिलने वाला है, जो आपके व्यापार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, आज आप बच्चों के साथ इंजॉय करेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों को आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा।



**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है। आपके हंसमुख स्वभाव के कारण आज आपके बहुत सारे काम बनेंगे। लोग आज आपकी तारीफ करेंगे, जिससे आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां होंगी, रिश्ते में नयापन आएगा। आज आप अपने भाई ङ्क बहनों के साथ बाहर खाना खाने जायेंगे।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी, जीवनसाथी के साथ आज आप डिनर पर जायेंगे। मेडिकल के स्टूडेंट को आज कुछ नए चलेंजेस फेस करने पड़ सकते है। म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज पहचान मिलेगी।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहने वाला है। व्यापारिक दृष्टिकोण से लाभ की स्थिति ठीक रहेगी। रिश्तों में चल रही अनबन में सुधार होगा, घर ङ्क परिवार में खुशी बनी रहेगी।आज ऑफिस में बॉस आपकी तारीफ करेंगे, सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, संतुलित भोजन ग्रहण करें।

# स्कूल छोड़ सड़कों पर उतरा जिला मुख्यालय-मोहला में शिक्षकों का जनसैलाब

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के तत्वाधान में जिला मुख्यालय-मोहला में 04 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन व आंदोलन किया गया।

छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय संचालक- शंकर साहू व प्रांतीय संचालक- मनीष मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश के 1,80,000 शिक्षक आज एक बार फिर से स्कूलों की पढ़ाई छोड़ सड़कों पर उतरे। शिक्षकों ने राज्य सरकार को साफ-साफ और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर अब भी सुनवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में राज्यभर के सभी स्कूलों में तालेबंदी कर वे सभी अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाएंगे और सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के जिला संचालक- जितेंद्र पटेल, राजकुमार सरजारे, रूपेंद्र नंदे व जिला महासचिव- मुकेश शुक्ला ने विभिन्न जिलों में आंदोलन का नेतृत्व करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव 2023 के पहले प्रदेश के समस्त शिक्षकों से कई वादा किए थे जिसे मोदी की गारंटी का नाम दिया गया था। जिसमें सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने, पुरानी पेंशन बहाल करने, प्रथम सेवा गणना करने, पदोन्नति करने सहित अनेकों लिखित एवं मौखिक वादे किए गए थे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद सरकार ने एक भी वादे पूरी नहीं की है।

ब्लॉक संचालकगण- सुनील शर्मा, शिवशंकर कोर्राम, दुष्यंत अवस्थी, लोकेश सिंग व महिला प्रकोष्ठ से सरिता खान, लक्ष्मी गेडाम, प्रेमलता शर्मा, छब्बी कोरेटी आदि ने ब्लाक में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लगातार शिक्षकों से विवाद मोल ले रहे हैं। सरकार द्वारा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद किया जा रहा है। स्कूलों में शिक्षकों की संख्या दिन प्रतिदिन घटाई जा रही है। प्रदेश के आम जनता को गुमराह किया जा रहा है। शिक्षा में गुणवत्ता लाने की बाते कही जा रही है लेकिन जब शिक्षकों को ही स्कूलों से हटाएंगे और स्कूलों को बंद करेंगे तो कहां से शिक्षा में गुणवत्ता आएगी।




**○ राज्य सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश, स्कूलों में पढ़ाई ठप्प**
**○ शिक्षक सरकार से नाराज, 23 प्रदेश संचालक अलग-अलग जिलों में गरजे, सरकार पर जमकर बरसे**

जिला मुख्यालय-मोहला की आंदोलन को प्रांतीय उपसंचालक- राजकुमार यादव, भूपेंद्र साहू, अश्वनी देशलहरे व जिला उपसंचालक- मक्खन साहू, सुशील शांडिल्य आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षिका सोना साहू को न्यायालय के आदेश पर एरियर्स राशि सहित क्रमोन्नति वेतनमान दिया गया है। लेकिन उक्त आदेश का पालन राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक रूप से अभी तक नहीं किया गया है। प्रदेश के शिक्षकों ने मांग की है कि सोना साहू के तर्ज पर राज्य के सभी शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान का एरियर्स राशि सहित लाभ दिया जाए। साथ ही प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पेंशन सहित समस्त लाभ दी जाए। पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता को खत्म कर डीएड योग्यताधारीयों को भी पदोन्नत किया जाए तथा 2008 के सेटअप को लागू करके युक्तिकरण किया जाए एवं वर्तमान में हुए युक्तिकरण को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।

शिक्षक साझा मंच के समस्त 23 प्रदेश संचालकों ने विभिन्न जिलों एवं ब्लॉकों में राज्य सरकार को सीधे सीधे और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि आज प्रदेश के पूरे सभी 146 विकासखंडों में शिक्षक अपनी मांगों को लेकर स्कूलों को छोड़कर सड़कों पर उतरे हैं और अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। यदि आने वाले दिनों में सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो प्रदेशभर के स्कूलों में तालेबंदी कर सभी शिक्षक सड़क पर उतरकर अपने मांगों के लिए संघर्ष करेंगे एवं बच्चों की पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित होने पर जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

जिला मुख्यालय मोहला की धरना-प्रदर्शन व बाइक रैली कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव व लोक शिक्षण संचालनालय के नाम ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से प्रांतीय संचालक शंकर साहू, मनीष, मिश्रा, प्रांतीय उपसंचालक भूपेंद्र साहू, राजकुमार यादव, अश्वनी देशलहरे, जिला महासचिव- मुकेश शुक्ला, जिला संचालक- जितेंद्र पटेल, राजकुमार सरजारे, रूपेंद्र नंदे, ब्लॉक संचालक-सुनील शर्मा, शिवशंकर कोर्राम, दुष्यंत अवस्थी, लोकेश सिंग, हेमलता बढ़ई, उषा पन्द्रे, रश्मि श्रीवास्तव, लक्ष्मी गेडाम, सरिता खान, प्रेमलता शर्मा, पूर्णिमा घावड़े, असरानी देशमुख, गीता गुप्ता, जंत्री ठाकुर, प्रणीता साहू, प्रमिला सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, अंजू साहू, योगिता अनिल कुमार रामटेके, आधार सिंह कुमेटी, सालिक निषाद, भरत भोपले, जोहित मरकाम, मनोज देवांगन, श्रवण डहरे, रघुवीर कोमरे, राजेंद्र ठाकुर, चेतन निषाद, सुरेंद्र नेताम, टीकम नायक, डामन पाटिल, डालसिंह कोमरे, राजेश निषाद, सादिक खान, यशवंत माहले, मन्ने सिंह मंडावी, राहुल रंगारी, हेमलाल साहू, शैलेश उर्वशा, चेतन निषाद, चेतन धनकर, ललित साहू, महेश चंद्र भट्ट, मलेश मालेकर, ललित सिन्हा, घनश्याम देशमुख, युगल किशोर सिन्हा आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पहला कॉलम...

### मोहड़ स्कूल में धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहड़ में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का हर्षोल्लास के माहौल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु व सरपंच भूषण देवांगन व उपसरपंच अंकुश देवांगन, बिरसिंग देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। साथ ही संस्था के प्राचार्य व समस्त शिक्षकगण एवं अध्यनरत छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस उत्सव में अपनी भागीदारी प्रस्तुत की। इस दौरान विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया और अतिथियों के कर कमलों से पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

### ग्राम लिटिया में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम लिटिया में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के संयुक्त तत्वाधान में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती दीपा हेमंत बंजारे, अध्यक्षता सरपंच श्रीमती लीला देवी गोपीचंद गायकवाड़, विशेष अतिथि पूर्व सरपंच श्रीमती शांति वर्मा एवं दोनों विद्यालय के एस.एम.सी अध्यक्ष रूखमणी मारकण्डे तथा श्रीमती आरती वर्मा उपस्थित थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। सम्मानित अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रधान पाठक श्रीमती संध्या मिश्रा, हंस कुमार मेश्राम, दीपक तिवारी, अजय कड़व, हेमंत जांगड़े, लिकेश्वरी भारती, सुष्मिता भारती, लीलाधर वर्मा, मंगलू वर्मा, भागेश्वरी बंजारे, नेमन भारती, प्रभा, सुनिता मारकण्डे, हेमंत बंजारे, किसन वर्मा उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिक्षक अजय कड़व द्वारा दी गई।

### गली मोहल्लों के घरों में मांस विक्रय, पार्षद ने लिखा पत्र

डोंगरगांव (दावा)। नगर के वार्ड क्रमांक 11 सहित अन्य वार्डों के गली एवं चौक-चौराहों और घरों में बिक रहे मांस मटन व्यवसाय को वार्ड पार्षद सद्दाम खत्री ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर बाजार में व्यवस्थापित करने की मांग की है।

बता दें कि नगर के वार्ड क्रमांक 11 सहित अन्य वार्डों निवासरत व्यवसायियों द्वारा अपने घरों से मांस मटन का विक्रय किया जा रहा है। वर्षों से किये जा रहे इस व्यापार के लिए अब तक नगर पंचायत व्यवस्थापन नहीं दे पाई है। हालाकि कुछ वर्ष पहले मांस विक्रय के लिए पुराने बस स्टैण्ड के समीप व्यवस्थापन की बात की गई थी, किन्तु निकाय की निष्क्रियता के चलते इस पर कोई कार्य नहीं हो पाया। शहर की गलियों में मांस विक्रय की वजह से इन गलियों और चौक-चौराहों से गुजरने वाले आम राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन सब परेशानियों को देखते हुए वार्ड 11 के पार्षद सद्दाम खत्री ने एक अच्छी पहल करते हुए निकाय प्रशासन से शीघ्र ही व्यवस्थापन की मांग की है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में नलिनी सहारे व खुशी जोशी चयनित




डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी की छात्रा नलिनी सहारे पिता रमेश कुमार सहारे, खुशी जोशी पिता डामनदास जोशी का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित होने पर प्रबंध शिक्षा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष डॉ. हंसराज सोनकर, चंद्रकला सोनकर, अलख राम साहू, वीरेन्द्र तिवारी, छन्नूलाल हिरवानी, हेमराय सिन्हा, लच्छूराम साहू, अश्वनी कुमार शेरपा, गायत्री साहू, झग्गर साहू, कोमल साहू के द्वारा व संस्था के प्रधानाचार्य डामनदास जोशी एवं आचार्य इंद्रजीत साहू, आशा साहू, कुलेश्वरी साहू, राधा इंदौरिया, प्रियंका देशमुख, अर्चना यदु, डीकेस साहू, देवकी देवांगन, भूपेश्वरी साहू एवं तोरण सोनकर के द्वारा बधाई प्रेषित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## बौद्ध बिहार बौद्धों का है, हम इसे लेकर रहेंगे - धम्मतप

(राजेश मेश्राम)



राजनांदगांव/जोंधरा (दावा)। बौद्ध बिहार बौद्धों का है, हम इसे लेकर रहेंगे। जब अन्य धर्म के तीर्थ स्थलों पर उनके ही धर्म के मानने वालों का हक है, जैसे- मक्का मदीना मुसलमान का है, काशी मथुरा हिंदुओं का है, क्रिश्चिनों का इसराइल है। सभी धर्म के मंदिरों पर सिर्फ उनके ही धर्म के मानने वालों का अधिकार है तो फिर बौद्धों के सबसे पवित्र स्थल बौद्ध गया बिहार पर बौद्धों का नियंत्रण क्यों नहीं है।

उक्ताशय के विचार राजनांदगांव में 1 से 31 जुलाई तक जारी धरना प्रदर्शन के चौथे दिन उपस्थित बौद्ध उपासकों को धम्मतप राजनांदगांव ने संबोधित करते हुए कही। विदित हो बौद्धों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बिहार स्तिथ गया में स्थापित बौद्ध बिहार का मंदिर है, जहां भगवान गौतम बुद्ध ने वट वृक्ष के नीचे बैठकर तपस्या की एवं वही ज्ञान प्राप्त किया था। तब से वहां बौद्ध बिहार का निर्माण हुआ है और समस्त बौद्ध उपासकों का आस्था का एकमात्र केंद्र बिंदु है। जहां पर भारत के ही नहीं अपितु दूसरे अन्य देशों के मानने वाले बौद्ध धर्मावलम्बी वहां पहुंचते हैं।

### धरना प्रदर्शन क्यूँ

प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए धम्मतप ने बताया कि भारत में प्राचीन जितने भी मंदिर, विहार, चर्च है। सब में एक ट्रस्ट बनाई जाती है, जो उस मंदिर का रख-रखाव से लेकर सारा कंट्रोल अपने ऊपर रखता है और वह जिस धर्म का होता है, ट्रस्ट में उसी धर्म के मानने वाले सदस्यों को रखा जाता है, पर गया स्थित बौद्ध बिहार में नियम इसके विरुद्ध है। गया में बौद्ध बिहार को लेकर जो ट्रस्ट बनाया गया है। उसमे 8 सदस्य होते हैं। जिसमे चार हिन्दू और चार बौद्ध होते हैं। जब बिहार बौद्धों का है तो पूरे ट्रस्ट में जितने भी सदस्य होते हैं, वह सभी बौद्ध हो। उन्होंने बताया कि हमारी शासन से मांग है कि गया स्थित बौद्ध विहार को बौद्धों के हवाले किया जाए।

### राष्ट्रीय आंदोलन

बिहार के गया में 12 फरवरी से शुरू हुए बौद्ध भिक्षुओं का यह आंदोलन अब राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुका है। देश के हर कोने में बौद्ध उपासक जिला मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर बौद्ध बिहार बौद्धों को सौंपने की मांग केंद्र सरकार से कर रहे हैं।

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से बौद्ध भिक्षु धम्मपाल, आमनेर भंते, कोंडेल पटीसेन, वप्पपटाचारा, आम्रपाली बुद्धपिय, बुद्धमिश्रा वासनिक, वंदना मेश्राम, नंदा मेश्राम, हर्षिता गजभिये, रजनी बागड़े, मीनाक्षी रंगे, निर्मला वासनिक, सायना गजभिये, लक्ष्मी कोंडाले, कौशल्या मेश्राम, पुष्पा रामटेके, शालिनी जनबंधु, रेखा रामटेके, सुशांत, संतोष बौद्ध, संदीप कोल्हाटकर, संजय हुमने, कुणाल बोरकर, कन्हैया लाल खोब्रागड़े, राजेश मेश्राम (जोंधरा), दिलीप डोंगरे, प्रमोद मेश्राम, सुभाष गजभिये, रामकुमार बारमाते, नरेंद्र लांझीवार, माणिक घोड़ेसवार आदि उपस्थित थे।

## बारिश ने खोली लोक निर्माण विभाग की पोल, शहर में जगह-जगह गड्ढे, दुर्घटना का खतरा- अरुण भारतद्वाज



खैरागढ़ (दावा)। बरसात की पहली ही बौछार ने लोक निर्माण विभाग की लापरवाही की परतें उधेड़ दी हैं। शहर की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भरने से वाहन चालकों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विधायक प्रतिनिधि अरुण भारद्वाज ने बताया कि विभाग महज खाना पूर्ति कर लीपा-पोती करने में माहिर है, लेकिन जनता की परेशानियों की कोई परवाह नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि इतवारी बाजार तिराहा जो शहर के सबसे व्यस्तम इलाकों में से एक है वहां पर भी गड्ढों को सिर्फ औपचारिक तौर पर भर दिया गया है। नतीजा यह कि दिनभर वाहनों की आवाजाही के बीच वहां हादसों का खतरा बना रहता है। दाऊचौरा के बड़े पुल पर तो हाल और भी बदतर है। पुल की सतह पर गहरे गड्ढे हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से राहगीरों को गड्ढों का अंदाजा ही नहीं लगता और वाहन वहीं फंस जाते हैं। दोपहिया वाहन, साइकिल सवार और पैदल चलने वाले सभी लोग हादसों की चपेट में आ रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि मेन रोड से लेकर अमलीपारा पुल तक अधिकांश सड़कों की यही हालत है। अमलीपारा पुल पर भी विभाग ने सिर्फ काम चलाऊ पेंचवर्क किया था। जिसके चलते हाल ही में एक व्यक्ति गड्ढे में गिरकर घायल हो गया और उसका पैर टूट गया।

## करमरी में 15 लाख की पुलिया बिना सरिया के तैयार, दो माह में ही दरारें



मोहला (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत करमरी में भ्रष्टाचार की बुनियाद पर तैयार की गई पुलिया अब स्थानीय लोगों के लिए चिंता का कारण बन गई है। नाटीपार से छूरिया डोंगरी मार्ग पर 15 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई यह पुलिया महज दो महीने में ही दरारें छोड़ने लगी है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में न तो सरिया का उपयोग किया गया और न ही इंजीनियरिंग मानकों का पालन किया गया। सेंटरिंग प्लेट व कॉलम में बिना छड़ डाले सीधे मिट्टी पर निर्माण किया गया, जिससे इसकी मजबूती सवालों के घेरे में है।

### सरपंच ने मानी निर्माण में खामियां

ग्राम पंचायत करमरी के सरपंच दलपत बोगा ने भी निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि की है। उनका कहना है कि गुणवत्ता की अनदेखी कर काम कराया गया है, जिससे पुल की स्थिति निर्माण के दो माह के भीतर ही खराब हो चुकी है।

### ठेकेदार पर पहले से लगे हैं भ्रष्टाचार के आरोप

सूत्रों के अनुसार, यह कार्य डोंगरगांव के एक ठेकेदार द्वारा किया गया, जिसे पंचायत सचिव की मिलीभगत से ठेका दिलाया गया। आरोप है कि इस ठेकेदार ने इससे पूर्व पाटनखास में सीसी सड़क निर्माण के दौरान भी धांधली की थी, जिसकी शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

### एक कील तक नहीं लगाई गई

ग्रामीणों ने बताया कि पुल में लोहे के नाम पर एक कील तक नहीं लगाई गई है। इससे न केवल सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ है, बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा भी खतरे में डाल दी गई है।

### जांच की उठी मांग

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके और भविष्य में इस तरह की लापरवाही को रोका जा सकें।

## बाल कैबिनेट का गठन, मयंक बने शाला नायक और सुषमा बनी सचिव



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में अनुशासन, व्यवस्था और पर्यावरण को सुचारू रूप से चलने तथा विद्यार्थियों में संगठनात्मक कौशल तथा अपनी क्षमता के विकास के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें मयंक देवांगन को शाला नायक, उपासना साहू को उप शाला नायक, सचिव सुषमा सुधाकर, सह सचिव छवि को बनाया गया है। इसी क्रम में छात्रा प्रतिनिधि दिव्या यादव, उप छात्रा प्रतिनिधि रूपाली, अनुशासन सचिव नीलकमल, सहयोगी मोहित, श्रद्धा और पल्लवी, क्रीड़ा सचिव पायल सुधाकर, सह सचिव वीर, सांस्कृतिक सचिव कुसुम, सह सचिव तारिणी, रेडक्रास कप्तान लीना सुधाकर, उप कप्तान युगल सोनपिपरे, स्काउट कप्तान इंद्रजीत व गाइड कप्तान मौलवी को बनाया गया। चयन प्रक्रिया में मुख्यतः छात्र संघ प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक, व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर एवं समस्त स्टाफ का पूरा योगदान रहा। इस अवसर पर प्राचार्य आरके देवांगन द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई एवं सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने अनुशासन का पालन करने और अपने तथा अपने पालक व स्कूल का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

शपथ ग्रहण के दौरान चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, बिंदु साहू उपस्थित थे।

## वन परिक्षेत्र खुज्जी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



डोंगरगांव (दावा)। वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र खुज्जी अंतर्गत बिगड़े वनों के सुधार कार्यक्रम के तहत दिनांक 3 जुलाई 2025 को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कक्ष क्रमांक 707 बढ़भूम में संपन्न हुआ, जहां 5 हेक्टेयर भूमि पर कुल 300 से अधिक पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में जनभागीदारी उल्लेखनीय रही, जिसमें स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और विभागीय अधिकारी शामिल हुए। वृक्षारोपण अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' की थीम पर आधारित था, जिससे कार्यक्रम को सामाजिक और भावनात्मक दोनों ही दृष्टिकोण से व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।

### रोपे गए पौधों की मिश्रित प्रजातियाँ

कार्यक्रम में जिन प्रमुख प्रजातियों का रोपण किया गया, उनमें सागौन, कचनार, हर्रा, बहेड़ा, सिंदूरी और नीम जैसे बहुपयोगी, औषधीय और पर्यावरण सुधारक वृक्ष शामिल थे। ये पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करेंगे, बल्कि स्थानीय वन संपदा को भी समृद्ध करेंगे।

### उल्लेखनीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता ने। प्रमुख अतिथिगण दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती फूलबासन बाई समाज सेविका, रविन्द्र किरण वैष्णव अध्यक्ष, जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती किरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमती रंजीता पडोती अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव, मनीष साहू उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत डोंगरगांव, श्रीमती गेंदाबाई साहू सभापति वन एवं जैव प्रौद्योगिकी समिति, कैलाश शर्मा समाजसेवक जिला महामंत्री भाजपा, श्रीमती बिसेन अलेंद्र सरपंच ग्राम पंचायत बढ़भूम, पूर्णानंद वर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत बढ़भूम, हेमंत साहू पंच, ग्राम पंचायत बढ़भूम, सुंदरलाल साहू ग्राम प्रमुख बढ़भूम, जितेंद्र कुमार साहू ग्राम प्रमुख बढ़भूम उपस्थित थे।

वनमंडलाधिकारी आयुष जैन (आईएफएस), उपवनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, पुष्पेंद्र साहू संलग्न अधिकारी वनमंडल राजनांदगांव, सी.एस. भंडारी वनपरिक्षेत्र अधिकारी परिक्षेत्र खुज्जी, मुक्तेश्वर वर्मा स.प.अ. खुज्जी, कौशल कुमार राजपूत स.प.अ. उमरवाही, घनश्याम चंद्राकर स.प.अ. कारूटोला, श्रीमती शकुंतला वैष्णव स. प.अ. कुमरदा, वन परिक्षेत्र खुज्जी में पदस्थ समस्त वन परिसर रक्षक उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम का उद्देश्य और संदेश

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता की वृद्धि और बिगड़े हुए वनों का पुनर्निर्माण करना था। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने आने वाले वर्षों में पौधों की देखरेख और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी खुज्जी तथा उनकी टीम द्वारा प्रभावशाली रूप से संपन्न किया गया।

### सामूहिक जिम्मेदारी का उदाहरण

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर, जनसहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बन गया। यह पहल यह स्पष्ट संदेश देती है कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी विभागों की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

## खैरागढ़ रानी रश्मि देवी सिंह में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र के विभाग अध्यक्ष सतीश माहला एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सुश्री मोनिका जत्ती मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहे। सुश्री मोनिका जत्ती ने सांख्यिकी की उपयोगिता, तकनीक एवं सांख्यिकी के जनक की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों से साझा किया। उन्होंने सांख्यिकी दिवस मनाने के उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच सांख्यिकी के उपयोग एवं सांख्यिकी को एक कैरियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित करने को बताया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने सांख्यिकी के प्रति अपनी जानकारी को साझा करते हुए कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में अर्थशास्त्र के विभाग अध्यक्ष सतीश माहला ने सांख्यिकी के वास्तविक जीवन में उपयोग, सांख्यिकी के विभिन्न प्रक्रियाओं, डेटा विश्लेषण एवं अनुसंधान और कॉर्पोरेट में सांख्यिकी के महत्व को उजागर किया।


# पहला कॉलम...

## पाकिस्तानी सेना का बड़ा दावा, 30 आतंकवादी को दिया ढेर



नई दिल्ली। पाकिस्तान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने अफ़गानिस्तान की सीमा पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे 30 आतंकवादियों को मार गिराया है। पहले भी अफ़गानिस्तान की सीमा से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिशें हुई हैं। इसी साल मार्च में पाकिस्तानी सेना ने एक ऑपरेशन में 16 इस्लामी आतंकवादियों को मार गिराया था।

## हमास युद्ध पर ट्रंप ने दी डेडलाइन



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि संभवतः 24 घंटे में पता चल जाएगा कि फलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने गाजा में इजरायल-हमास युद्ध विराम के लिए अंतिम प्रस्ताव को स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की है या नहीं।

ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने अब्राहम समझौते के विस्तार के बारे में सऊदी अरब से बात की है, जो संबंधों के सामान्यीकरण पर एक समझौता है जिस पर उनके प्रशासन ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान इजरायल और कुछ खाड़ी देशों के बीच बातचीत की थी।

## टीम इंडिया नहीं करेगी बांग्लादेश का दौरा!

नई दिल्ली। टीम इंडिया इस वक्त तो इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। पहला मुकाबला भारतीय टीम हार चुकी है और दूसरा मैच जारी है। सीरीज लंबी है, जो अगले महीने यानी अगस्त के पहले सप्ताह तक चलेगी। इसके बाद अगस्त में ही भारतीय टीम बांग्लादेश के दौरे पर जाने वाली थी, लेकिन अब ये दौरा खटाई में पड़ गया है। हालांकि अभी आधिकारिक ऐलान तो नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि ये सीरीज अब नहीं होगी। भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा प्रस्तावित है, इसमें तीन वनडे और तीन टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाने थे। सीरीज का पहला मुकाबला 17 अगस्त से होना था। लेकिन अब नहीं लगता कि ये सीरीज हो पाएगी। जैसा कि हमने आपको पहले ही बताया कि अभी तक सीरीज को लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन क्रिकबज के हवाले से पता चला है कि बांग्लादेश ने इस सीरीज की तैयारियों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। वैसे तो अक्सर भारत और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट ही नहीं, बाकी खेलों में भी मुकाबले होते रहे हैं। दोनों देशों की टीमें एक दूसरे के यहां जाकर खेलती रही हैं, लेकिन पिछले कुछ वक्त में रिश्ते तल्ख हुए हैं। इसका असर अब क्रिकेट पर भी पड़ता हुआ नजर आ रहा है।

## रवींद्र जडेजा ने जानबूझकर तोड़ा बीसीसीआई का नया नियम

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी कर आलोचकों की बोलती बंद कर दी। भारतीय स्टार शतक से चूक गए। उन्होंने 137 गेंदों का सामना किया और 89 न बनाए। हालांकि, मुकाबले के दूसरे दिन उन्होंने बीसीसीआई का एक नियम तोड़ दिया। ऐसे में अब देखना होगा कि उन्हें इसके लिए क्या सजा मिलती है।



भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने नई गाइडलाइन जारी की थी। इसमें टीम के सभी सदस्यों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी। प्लेयर अपने वाहन से मैदान नहीं पहुंच सकते थे। हालांकि, जडेजा अकेले ही मैदान पर पहुंच गए। एजबेस्टन टेस्ट के पहले दिन रवींद्र जडेजा 41 रन बना चुके थे।

ऐसे में जडेजा दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले ही अकेले मैदान पर पहुंच गए और उन्होंने जमकर बल्लेबाजी कर अभ्यास किया। इसका असर दूसरे दिन उनकी बल्लेबाजी में भी देखने को मिला। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल के साथ 203 रन की पार्टनरशिप की। इसके चलते भारतीय टीम ने पहली पारी में 587 स्कोर किया। चूकिं, जडेजा ने टीम के हित में नियम तोड़ा है, ऐसे में उन पर कोई जुर्माना लगने की संभावना नहीं है।

## क्रेग ब्रेथवेट के शतकीय टेस्ट में धराशायी हुई ऑस्ट्रेलिया, नंबर-1 टीम सिर्फ 66.5 ओवर में हुई ऑलआउट



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने दुनिया की नंबर-1 टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट के पहले दिन 286 रन पर समेटा। दूसरे टेस्ट मैच में टॉस हारने क बावजूद विंडीज टीम ने पहले दिन गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर मैच में मजबूत पकड़ बनाई।

हालांकि, एलेक्स कैरी और ब्यू वेबस्टर के बीच हुई शतकीय साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को 286 रन के स्कोर तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल खत्म होने से पहले वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रीज पर बैटिंग करने आए थे, लेकिन खराब रोशनी के कारण कोई गेंद नहीं फेंकी जा सकी।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के ओपनर सैम कॉन्स्टास (25) और उस्मान ख्वाजा (16) ने 47 रनों की साझेदारी के साथ अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन लंच से पहले मेहमान टीम ने जल्दी-जल्दी विकेट गंवा दिए। विंडीज टीम के गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने मैच में कहर बरपा और कुल 4 विकेट लिए।

उन्होंने उस्मान ख्वाजा को एलबीडब्ल्यू आउट कर कंगारू टीम को पहला झटका दिया। अगले ही ओवर में कॉन्स्टास एंडरसन फिलिप की गेंद पर विकेटकीपर को कैच देकर चलते बने। मैच में स्टीव स्मिथ महज 3 रन बनाकर जोसेफ का शिकार बने। लंच से ठीक पहले कैमरन ग्रीन 26 रन बनाकर आउट हुए।

कंगारू टीम के 110 रन पर 5 विकेट गिर चुके थे। टीम मुश्किल में थी, लेकिन ब्यू वेबस्टर (60) और एलेक्स कैरी (63) ने 112 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला। कैरी 81 गेंदों पर 63 रन बनाकर आउट हुए, जबकि ब्यू वेबस्टर 60 रन बनाकर आउट हुए।

इन दोनों के अलावा निचले क्रम के बल्लेबाज ज्यादा योगदान नहीं दे सके। पैट कमिंस अल्जारी जोसेफ की गेंद पर बोल्ड हो गए, जबकि मिचेल स्टार्क (6) सील्स की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे।

नाथन भी 17 गेंदों पर 11 रन बनाकर जोसेफ का शिकार बने। विंडीज टीम के गेंदबाजों ने दबदबा बनाया रखा। टीम के लिए अल्जारी ने 4 विकेट, जायडेन ने दो विकेट और शमार-एंडरसन-जस्टिन को एक-एक सफलता मिली।

## विराट कोहली-रोहित शर्मा की वापसी वाली सीरीज हुई रद्द!

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच राजनीतिक संबंध बिगड़ते नजर आ रहे हैं। ऐसे में भारत का बांग्लादेश दौरा लगभग रद हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 17 से 31 अगस्त के बीच होने वाले इस दौरे में तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले जाने थे। यह दौरा प्रभावी रूप से रद हो गया है।



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को उम्मीद है कि सीरीज को बाद में खेला जा सकता है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीबी वर्तमान में 17 जुलाई से शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के लिए मीडिया अधिकार बेचने पर फोकस कर रहा है।

बीसीबी के एक अधिकारी ने क्रिकबज से कहा, हम जारी रखेंगे, हम बाजार पर रिसर्च करने के लिए समय लेंगे। जल्दबाजी करने का कोई मतलब नहीं है। हम अलग-अलग कॉन्ट्रैक्ट दे सकते हैं। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय ब्रॉडकास्टर्स को सूचित किया गया है कि सीरीज नहीं होगी। एक भारतीय ब्रॉडकास्टर ने कहा, उन्होंने हमें सूचित किया है कि भारत के साथ कोई सीरीज नहीं होगी। निविदा की घोषणा करने के बाद, उन्होंने आईटीटी प्रदान नहीं किया। वे अभी केवल पाकिस्तान श्रृंखला के लिए बिक्री कर रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद से ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव है और बांग्लादेश भी इस तनाव में शामिल हो गया है।

## भारतीय नौसेना में पहली महिला फाइटर पायलट बनीं सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया, रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम

विशाखापत्तनम। भारतीय नौसेना ने इतिहास रच दिया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को आधिकारिक रूप से नौसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल कर लिया गया है। वे इस स्ट्रीम में जगह पाने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। इससे महिला अधिकारियों के लिए लड़ाकू भूमिकाओं के द्वार खुल गए हैं।



आस्था पूनिया को विंग्स ऑफ गोल्ड सम्मान प्रदान किया गया, जो नौसेना की फाइटर पायलट बनने की पात्रता का प्रतीक है। यह सम्मान उन्हें रियर एडमिरल जनक बेवली, सहायक नौसेना स्टाफ (एयर) की तरफ से आईएनएस डेगा, विशाखापत्तनम में दिया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल को भी यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह समारोह सेकेंड बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स की सफल समाप्ति पर आयोजित हुआ था। वहीं एक दिन पहले, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने करीब 1.05 लाख करोड़ की लागत वाली 10 रक्षा खरीद योजनाओं को मंजूरी दी। यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार आयोजित की गई थी। इसमें कई रक्षा उपकरण शामिल हैं।

यह बैठक ऐसे समय हुई जब हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। यह ऑपरेशन 7 मई को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। भारतीय सेना ने सीमाओं को पार किए बिना, आतंकियों के ठिकानों को सटीक तरीके से निशाना बनाकर जवाब दिया।

30 जून को रक्षा सूत्रों ने बताया था कि त्रि-सेनाओं ने कई प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण था - डीआरडीओ की तरफ से विकसित क्विक रिएक्शन सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, जिसकी अनुमानित लागत 30,000 करोड़ है। यह प्रणाली 30 किलोमीटर तक के हवाई लक्ष्यों को मार गिराने में सक्षम होगी। तीन एयरक्राफ्ट मूल निर्माता से खरीदे जाएंगे और उन्हें डीआरडीओ के एयरबोर्न सिस्टम्स केंद्र और निजी भागीदारों की मदद से विशेष कार्यों के लिए बदला जाएगा।

## शेयर बाजार में हड़कंप! सेबी ने इस दिग्गज कंपनी पर लगाया बैन, जब्त होगा 4843 करोड़ रुपए का अवैध मुनाफा

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक बड़े फैसले में अमेरिकी वित्तीय फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप और उससे जुड़ी पांच कंपनियों पर भारतीय शेयर बाजार में कारोबार करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। गुरुवार को जारी एक आदेश में, बाजार नियामक ने इन कंपनियों को किसी भी प्रकार की प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री या लेन-देन से सीधे या परोक्ष रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।



सेबी ने यह कठोर कदम जेन स्ट्रीट ग्रुप द्वारा वायदा एवं विकल्प सेगमेंट में कैश इक्विवैलेंट का दुरुपयोग कर 4,843 करोड़ रुपये का अवैध मुनाफा कमाने के आरोपों के चलते उठाया है। नियामक ने कंपनी को यह पूरी राशि एक राष्ट्रीयकृत बैंक में एस्क्रो खाते में जमा करने का निर्देश दिया है।

इसके अलावा, सेबी ने जेन स्ट्रीट के बैंक खातों से निकासी पर भी रोक लगा दी है, जिससे बिना नियामक की पूर्व अनुमति के कोई भी डेबिट संभव नहीं होगा।अपने आदेश में, सेबी ने जेन स्ट्रीट को अपनी सभी मौजूदा खुली वायदा एवं विकल्प पोजीशन को अगले तीन महीनों के भीतर या उनकी समाप्ति तिथि तक, जो भी पहले हो, समाप्त करने का निर्देश दिया है।

वायदा एवं विकल्प कारोबार में, कैश इक्विवैलेंट उन संपत्तियों को कहा जाता है जिन्हें आसानी से नकदी में परिवर्तित किया जा सकता है, जैसे कि अल्पकालिक निवेश। ट्रेडर्स अक्सर इन्हें मार्जिन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं ताकि वे स्न×ह्र में बड़े सौदे कर सकें और साथ ही अपने निवेश पर ब्याज भी कमा सकें। सेबी का आरोप है कि जेन स्ट्रीट ने इसी प्रणाली का गलत फायदा उठाकर बाजार में हेरफेर किया और अनुचित लाभ कमाया।

इस प्रतिबंध के दायरे में जेन स्ट्रीट ग्रुप के अलावा जेएसआई इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जेएसआई2 इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग लिमिटेड शामिल हैं। सेबी का यह कदम बाजार में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## साइबर फ्रॉड पर सरकार का एक और बड़ा प्रहार, 22 लाख व्हाटसएप अकाउंट बैन

नई दिल्ली । देश में बढ़ते साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी पर नकेल कसते हुए दूरसंचार विभाग ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने धोखाधड़ी वाले कॉल और मैसेज में इस्तेमाल हो रहे 22 लाख व्हाटसएप अकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया है। यह कदम 'संचार साथी' पोर्टल पर आम नागरिकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर उठाया गया है।




दूरसंचार विभाग ने अपने आधिकारिक हैंडल के माध्यम से इस कार्रवाई की जानकारी साझा की। पोस्ट में लिखा गया, साइबर ठगी पर रोकथाम! 'संचार साथी' की मदद से 22 लाख साइबर अपराधों से जुड़े व्हाट्सएप अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है। फर्जी अकाउंट्स, धोखाधड़ी और साइबर ठगों पर रोक लगाने का यह कदम, डिजिटल भारत को सुरक्षित और भरोसेमंद बना रहा है।

यह कार्रवाई सरकार द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान का हिस्सा है। इससे पहले भी विभाग ने साइबर क्राइम में लिप्त 4.2 करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शनों को बंद किया था। यही नहीं, धोखाधड़ी में इस्तेमाल हो रहे 27 लाख मोबाइल हैंडसेट के IMEI नंबर को भी ब्लैकलिस्ट कर उन्हें 'डब्बा' बना दिया गया है, जिससे वे किसी भी नेटवर्क पर काम करने लायक नहीं रहे हैं।

## 'सरकार धर्म के मामलों पर बात नहीं करती', दलाई लामा मामले पर किरेन रिजिजू के बयानों से बनाई दूरी

नई दिल्ली। दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना पर हाल में उठे विवाद के बीच शुक्रवार को सरकार ने प्रतिक्रिया दी है। सरकार ने कहा कि भारत धार्मिक विश्वास या आचरण से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाता है। इस मामले में विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने हमने दलाई लामा संस्था की निरंतरता के बारे में परम पावन दलाई लामा द्वारा दिए गए बयान से संबंधित रिपोर्ट देखी हैं।

रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार ऐसे धार्मिक मामलों में शामिल नहीं होती है, जो उसके पुराने रुख को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार आस्था और धर्म की मान्यताओं और प्रथाओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाती है और न ही बोलती है।

उन्होंने कहा सरकार ने हमेशा भारत में सभी के लिए धार्मिक स्वतंत्रता को बरकरार रखा है और ऐसा करना जारी रखेगी। बता दें कि इससे पहले चीन ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की टिप्पणी पर आपत्ति जताई थी। दरअसल, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि दलाई लामा को अपनी इच्छानुसार कार्य करना चाहिए। रिजिजू ने हाल ही में कहा कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चयन पूरी तरह से तिब्बती बौद्ध परंपराओं और दलाई लामा के अधिकार क्षेत्र में है, और इस मामले में किसी बाहरी हस्तक्षेप, विशेष रूप से चीन के दावों, को स्वीकार नहीं किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा दलाई लामा का पद न केवल तिब्बतियों के लिए बल्कि दुनिया भर में उनके सभी अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने उत्तराधिकारी के बारे में फैसला करने का अधिकार पूरी तरह से दलाई लामा के पास है।

## पीएम मोदी को त्रिनिदाद-टोबैगो का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला

स्पेन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को त्रिनिदाद और टोबैगो के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता, भारतीय प्रवासी समुदाय से गहरे जुड़ाव और कोविड-19 महामारी के दौरान मानवीय प्रयासों के लिए दिया गया। बता दें कि पीएम मोदी फिलहाल पांच देशों के दौरे पर हैं और त्रिनिदाद और टोबैगो की यह दो दिन की यात्रा उनका दूसरा पड़ाव है। वहीं सम्मान मिलने के बाद उन्होंने कहा, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होकर मैं गौरवान्वित हूं। मैं यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों की ओर से स्वीकार करता हूं।



### पीएम मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली यात्रा

त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर ने गुरुवार को इस सम्मान की घोषणा की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को दोनों देशों के बीच साझा गौरव और ऐतिहासिक संबंध का प्रतीक बताया। यह प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली यात्रा है। साथ ही यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की वर्ष 1999 के बाद इस देश की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने घाना की यात्रा की थी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**डिप्टी आर्मी चीफ बोले-ऑपरेशन सिंदूर में 3....**

ही एक ड्रोन फ्रेमवर्क लेकर आ रही है। हालांकि अब भी इंजन और सीक्रेट तकनीक जैसी चीजें बाहर से मंगवानी पड़ती हैं। डिप्टी COAS ने कहा कि इजराइल के आयरन डोम जैसे सिस्टम भारत के लिए मॉडल हो सकते हैं, लेकिन भारत का भौगोलिक विस्तार और सीमित बजट, चुनौती बनते हैं। हम इजराइल से सीख सकते हैं, लेकिन भारत का क्षेत्र बड़ा है और इन सिस्टम्स पर हजारों करोड़ खर्च करने होंगे। फिर भी अब और देर नहीं की जा सकती। डिप्टी COAS के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर में कुल 21 टारगेट्स की पहचान की गई थी। लास्ट मोमेंट पर 9 को निशाना बनाने का फैसला लिया गया। यह टारगेटिंग डेटा, इंटेलिजेंस और रणनीतिक प्लानिंग पर आधारित थी।

**उप सेना प्रमुख के बयान से चीन....**

भारतीय डिफेंस सिस्टम पर दबाव बढ़ा। उन्होंने कहा, अब हमें अपनी एयर डिफेंस क्षमता को और मजबूत करना होगा, क्योंकि अगली बार दुश्मन हमारी जनसंख्या केंद्रों को निशाना बना सकता है। सेना के इस बयान के बाद कांग्रेस ने तत्काल प्रतिक्रिया दी। पार्टी के संचार प्रमुख राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने कहा, यह स्पष्ट हो चुका है कि भारत की वास्तविक चुनौती चीन है, न कि केवल पाकिस्तान। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चीन पाकिस्तान की वायुसेना का सूक्ष्म प्रबंधन कर रहा था और अमेरिका के हस्तक्षेप से ही ऑपरेशन सिंदूर को अचानक रोका गया। कांग्रेस सांसद ने मांग की है कि संसद सत्र में चीन से जुड़ी सामरिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर विस्तृत बहस होनी चाहिए। पार्टी ने यह भी कहा कि अब सरकार को रक्षा, कूटनीति और अर्थव्यवस्था में चीन नीति पर स्पष्टता लानी चाहिए। कांग्रेस सांसद रमेश ने सर्वदलीय बैठक को औपचारिकता बताया। कहा, डेढ़ घंटे चली पिछली बैठक में जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और किरेन रिजिजू आए। हम सबने अपनी अपनी बातें कही। उन्होंने नोट किया, लेकिन हुआ कुछ नहीं, क्योंकि गृह मंत्री और प्रधानमंत्री तो आते ही नहीं हैं, जिन्हें कुछ करना है। इतनी गंभीर सामरिक चुनौतियां हैं। चीन, पाकिस्तान, अमेरिका, बांग्लादेश, आर्थिक मुद्दे, बेरोज़गारी के मुद्दे पर हम अपनी बात रखते हैं, लेकिन कुछ नहीं होता। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि यह बयान भारत की सुरक्षा नीति में बड़ी पुनर्रचना की ज़रूरत की ओर इशारा करता है। चीन द्वारा पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ त्रिपक्षीय रक्षा बैठक की खबरें भी सामने आई हैं, जो आने वाले समय में भारत की सामरिक स्थिति को प्रभावित कर सकती हैं।

**रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला....**

14 मंजिला आवासीय इमारत में आग लग गई। आस-पास के कई वाहनों में भी आग लगी। इसके अलावा गैर-आवासीय सुविधाओं में भी आग लगने की खबरें हैं। उधर शेवचेन्कीव्स्की जिले में एक आठ मंजिला इमारत पर हमला हुआ, जिसमें पहली मंजिल को नुकसान पहुंचा। डार्नित्स्की और होलोसिव्स्की जिलों में मलबा गिरने की सूचना मिली। यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे ऑपरेटर उक्रज़ालिज़्नित्सिया ने कहा कि ड्रोन हमलों से कीव में रेल बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

**2 महीने में 479 किसानों ने की....**

ये 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार, जो कभी नहीं संभल पाएंगे। और सरकार वह चुप है। बेरुखी से देख रही है। वहीं, राहुल गांधी के आरोपों पर बीजेपी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने पलटवार करते हुए एक्स पर एक चार्ट साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि एनसीपी (अविभाजित) और कांग्रेस कि जब महाराष्ट्र में 15 साल तक सरकार थी तो इस दौरान 55,928 किसानों ने आत्महत्या की थी। हालांकि इस तरह की राजनीति घृणित है, लेकिन राहुल गांधी जैसे लोगों को आईना दिखाना जरूरी है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ के जिलों में किसानों के आत्महत्या की मुख्य वजहें कर्ज का बोझ, सूखा, फसल नुकसान और बाजार में उचित मूल्य न मिलना बताया जा रहा हैं। कई बार सरकार की योजनाएं और आर्थिक मदद भी जरूरतमंद किसानों तक समय पर नहीं पहुंच पाती, जिससे अन्नदाता आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठा लेते हैं।

**प्रदेश सरकार ने डीएपी....**

विष्णु देव साय ने कहा है कि, डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके विकल्प के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे-एनपीके और एसएसपी की भरपूर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों के सुझाव के अनुरूप किसान डीएपी के बदले उक्त उर्वरकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। सोसायटियों से किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इस पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**सोनिया-राहुल गांधी के वकील ने...**

जिनकी मालिकाना स्थिति नहीं बदली है। वहीं यंग इंडियन और एजेएल दोनों ही गैर लाभकारी संस्थाएं हैं। ऐसे में लाभ बांटना या मुनाफा लेना संभव नहीं है। नेशनल हेराल्ड केस का कांग्रेस से जुड़ा होना कोई गलत बात नहीं है, ये तो पार्टी की विरासत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यंग इंडियन को एक वित्तीय माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया गया, ताकि एजेएल को कर्ज से मुक्त किया जा सके। हर कंपनी अपनी देनदारियों को कम करती है, तो हमने भी वही किया है। बता दें कि ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा, सुमन दुबे, आस्कर फर्नांडिस, सैम पित्रोदा और प्राइवेट कंपनी यंग इंडियन पर 2000 करोड़ की संपत्ति पर धोखाधड़ी से अधिग्रहण कर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है।

**ईडी की सोना तस्करी सिंडिकेट....**

जांच एजेंसी के मुताबिक, इस केस में तस्करी किए गए विदेशी सोना और चांदी के रूप में कुल 260.97 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति का अनुमान है। अभी तक ईडी द्वारा कुल 64.14 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त या अटैच की जा चुकी हैं।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह....**

इस पर 23 मई को कोर्ट में बहस पूरी हो गई थी और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था, जो आज सुनाया गया. हिंदू पक्षकार के मुताबिक, हमने हाई कोर्ट के समक्ष कहा था कि वहां पहले मंदिर था. वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष कोर्ट में पेश नहीं कर सका है. ऐसे में इसे मस्जिद क्यों कहा जाए, विवादित ढांचा घोषित किया जाए. जैसे कोर्ट ने अयोध्या मामले में अपना निर्णय देने से पहले बाबरी मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया था, उसी तरह शाही ईदगाह मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित करना चाहिए. गौरतलब है कि पूरा विवाद मथुरा के कटरा केशव देव क्षेत्र की 13.37 एकड़ जमीन पर है, जिसमें मंदिर और मस्जिद दोनों बनी हैं. जानकारी के मुताबिक, कुल जमीन में 11 एकड़ जमीन पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि है, जबकि बाकीजमीन पर ईदगाह होने का दावा है. हिंदू पक्ष पूरी जमीन को श्रीकृष्ण जन्मभूमि बताता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इससे इनकार करता है. हिंदू पक्ष के अनुसार, 1670 में औरंगजेब ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर बने मंदिर को तोड़कर शाही ईदगाह मस्जिद बनवाई थी. वहीं, मुस्लिम पक्ष इस दावे को खारिज करता रहा है. आज यानी 4 जुलाई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा हम इसे विवादित ढांचा नहीं घोषित कर सकते हैं.

**वित्त मंत्री चौधरी ने जीएसटी सुधारों....**

की जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया कि, कर अपवंचन रोकने और वास्तविक करदाताओं को सहूलियत देने के लिए छत्तीसगढ़ में डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टूल्स का सघन उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, ऐसे प्रयासों से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी संभव हुई है। बैठक में बीफा, जीएसटी प्राइम और ई-वे बिल पोर्टल जैसी अत्याधुनिक प्रणालियों के प्रजेंटेशन भी हुए। श्री चौधरी ने सुझाव दिया कि, इन नवाचारों को पूरे देश में समान रूप से लागू करने से बोगस व्यवसायियों की पहचान और कार्यवाही में तेजी लाई जा सकेगी। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ने विशेष रूप से फर्जी बिलों पर नियंत्रण, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट की रोकथाम, तथा पंजीकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए केंद्रीयकृत डिजिटल तंत्र के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि, इन उपायों से न केवल राजस्व बढ़ेगा बल्कि करदाताओं में विश्वास भी बढ़ेगा। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बैठक में यह भी रेखांकित किया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जीएसटी कलेक्शन के संदर्भ में राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा और डेटा आधारित निर्णय प्रक्रियाओं ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ का अनुभव अन्य राज्यों के लिए उपयोगी मॉडल बन सकता है। बैठक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, सभी राज्यों को मिलकर साझा प्रयास करने चाहिए ताकि जीएसटी राजस्व संग्रहण में स्थायित्व एवं वृद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्रियों के समूह द्वारा सुझाए गए उपायों को जीएसटी परिषद शीघ्र लागू करेगी। उन्होंने कहा कि यह बैठक जीएसटी परिषद के समक्ष व्यापक सुधारात्मक प्रस्ताव रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी, जिससे भारत में कर प्रशासन और राजस्व संग्रहण को नई दिशा मिलेगी।

**सीएम फडणवीस बोले- मराठी पर....**

लोगों को मराठी बोलने के लिए प्रेरित करो। मराठी पर अभिमान है तो अपने बच्चों को मराठी पढ़ाओ, उन्हें ऐसे स्थानों पर क्यों पढाते हैं, जहां मराठी तीसरी भाषा है? हम लोगों से मराठी बोलने की अपील कर सकते हैं, लेकिन जबरदस्ती नहीं कर सकते। मुझे मराठी बोलना है तो बोलूंगा लेकिन अगर नहीं आती, तो क्या मारपीट करना ठीक है क्या? फडणवीस ने आगे कहा, मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जिस समय छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण हो रहा था, उस समय शरद पवार ने जय महाराष्ट्र-जय कर्नाटक कहा था। इसका मतलब यह होता है कि शरद पवार को कर्नाटक ज्यादा प्यारा है और महाराष्ट्र प्यारा नहीं है? हम लोग जहां जाते हैं, वहां के लोगों को जो अच्छा लगता है, हम बात करते हैं, सभी नेता करते हैं। अब गुजराती समाज में जाने के बाद जय महाराष्ट्र-जय गुजरात कहा गया, तो मुझे लगता है कि इसमें इतना बवाल करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा, हम एक भारत के लोग हैं। हम सारे लोग भारतीय हैं। हमको पहला अभिमान महाराष्ट्र पर होना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दूसरे राज्यों के प्रति हमको कोई गुस्सा हो या उनके प्रति हमारा कोई तिरस्कार हो।

# दिशा समिति की मैराथन बैठक में उठे विकास कार्यों की पारदर्शिता और अनियमितताओं के सवाल, सांसद पाडेय ने दिए जांच के निर्देश

खैरागढ़ (दावा)। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की समीक्षा और निगरानी के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे ने की। यह बैठक लगभग साढ़े चार घंटे चली, जिसमें विकास कार्यों की प्रगति से अधिक विभागीय लापरवाही, अनियमितता और भ्रष्टाचार के मुद्दे चर्चा के केंद्र में रहे। बैठक की शुरुआत जिले के लिए बनाए गए लोगों और थीम सॉंग के विमोचन से हुई। जिसे सांसद पांडे ने जिले की नई पहचान और जनभागीदारी का प्रतीक बताया। लेकिन इसके बाद जैसे ही विभागीय समीक्षा शुरू हुई। समिति के सदस्यों के तेवर तीखे होते गए।




### छुईखदान जनपद में सीधा भुगतान घोटाले पर नाराजगी

सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने छुईखदान जनपद पंचायत में 15वें वित्त की राशि को पंचायत को दरकिनार कर सीधे वेंडर को भुगतान किए जाने को गंभीर अनियमितता बताते हुए सवाल उठाया कि किसके निर्देश पर यह हुआ? उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग में गर्म भोजन वितरण को लेकर की जा रही अनियमितताओं और पोषण आहार की गड़बड़ियों पर भी सवाल उठाए।

### वन विभाग और नगर पालिका पर तंज

वन विभाग द्वारा पौधरोपण में 2019 से अब तक खर्च किए गए 4 करोड़ रुपये के बावजूद ज़मीनी हकीकत में मात्र 10 प्रतिशत पौधे भी जीवित न होना अत्यंत शर्मनाक बताया गया। वहीं नगर पालिका द्वारा 35 लाख की डी-कम्पोस्ट मशीन खरीदी के बावजूद उसका उपयोग न होना और ग्रीन नेट से ढंककर फर्जी उपयोगिता प्रमाण पत्र देने की तैयारी पर भी भागवत सिंह ने कटाक्ष किया।

### जल आवर्धन योजना में बड़ा खुलासा

जल आवर्धन योजना के तहत पिपरिया से पाइप लाइन लाकर जल आपूर्ति की योजना थी, लेकिन स्टॉपडेम की ऊँचाई बढ़ाकर नालियों के गंदे पानी को ही फिल्टर कर डब्लूटीपी से सप्लाई किए जाने की जानकारी साझा की गई।

इस परियोजना से डुबान प्रभावित लोगों को मुआवजा तक नहीं मिला। सिंचाई विभाग के ईई ने ठेकेदार की राशि रोकने और नोटिस जारी करने की जानकारी दी।

### मनरेगा और आवास योजना में देरी, शिक्षा विभाग पर सवाल

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना में मजदूरों की वर्षों से लंबित मजदूरी और गंडई में आचार संहिता के दौरान रुकी राशि के भुगतान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट लापरवाही है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा जर्जर स्कूल भवनों की अनदेखी और खाद्य विभाग की गड़बड़ियों पर भी सवाल उठाए।

### विधायक ने जताया असंतोष

खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा और डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने भी अधिकारियों की तैयारी पर असंतोष जताया। यशोदा वर्मा ने आयुष्मान योजना में नाममात्र की बीमारियों में बड़ी राशि काटे जाने पर नाराजगी जताई और कहा कि योजना का लाभ सिर्फ कागजों में न दिखे, जमीनी स्तर पर भी पहुंचे।

### सांसद ने दिए निर्देश

सांसद संतोष पांडे ने बैठक में उठे प्रत्येक मुद्दे की गंभीरता से लेते हुए जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दिशा समिति का मकसद योजनाओं की निगरानी और खामियों को दूर कर आमजन को लाभ दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेताया कि अगली बैठकों में बहानेबाजी नहीं चलेगी।

### विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी

कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने बताया कि जिले में 82त्न नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं और 22 नए चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है। सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 34,189 स्वीकृत आवासों में से 21 हजार के पूर्ण होने की जानकारी दी। जनमन योजना के 339 आवास भी पूर्ण हो चुके हैं।

# श्रीराम लछछन साहू शासकीय प्रा. शाला पांगरी के दो छात्र जिला स्तर पर टॉप 5 में



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी सत्र 2024-25 में विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत श्री राम लछछन साहू शासकीय प्राथमिक शाला पांगरी के दो छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा में छात्र चेतन कुमार पिता हेमंत कुमार तथा छात्रा केशरी निषाद पिता मुकेश निषाद ने समान रूप से 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की शीर्ष 5 सूची में स्थान बनाया। इन छात्रों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.के. धीवर द्वारा कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी चौकी में मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधान पाठक विजय सिंह ठाकुर तथा सहायक शिक्षक सुभाष कोमा को विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उनके शिक्षकीय योगदान के लिए सराहना व बधाई दी गई। इस अवसर पर छात्रों के पालकगण, संकुल प्राचार्य नरेंद्र मेश्राम एवं संकुल समन्वयक केशरीटोला प्रहलाद देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# गांव-गांव खुलेआम बिक रही अवैध शराब

ठेलकाडीह (दावा)। केसीजी जिले के ठेलकाडीह सहित आसपास के -गांवो में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फलफूंल रहा है। जिसमें खासतौर पर युवा वर्ग शराब व अन्य नशीली वस्तुओं के मकड़जाल में फंसता जा रहा है। गांव-गांव में आसानी से अवैध रूप से शराब बिकने से -गांव के युवा इसके चपेट में आ रहे है। अवैध शराब की बिक्री को लेकर ठेलकाडीह थाना क्षेंत्र के ग्राम ना-लदाह के ग्रामीण-गावं में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब की शिकायत लेकर थाना पहुंचे थे। इधर ठेलकाडीह के मेन चौक ढारा रोड के आसपास सुबह से लेकर देर रात तक अवैध षराब की बिक्री हो रही है। ठेलकाडीह के देवार मोहल्ला में तो खुलेआम अवैध षराब कुछ दिन पूर्व यहा कार्रवाई की गई थी। लेकिन अब स्थिति उससे भी ज्यादा बिगड़ गई है। ठेलकाडीह क्षेंत्र के महरूमखूर्द, खपरी, पदुमतरा, धौराभाठा, महरूमकला गातापारकला, ढाबा, सिंगारपुर, सहसपुर दल्ली सहित कई -गांवो में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। लेकिन इस ओर समय-समय पर स्थानीय पुलिस कार्रवाई करती है। लेकिन इसके उलट दो चार दिन बाद



फिर दोबारा अवैध शराब का कारोबार बदस्तूर चलता है।

### आबकारी विभा- साबित हो रहा सफेद हाथी

केसीजी जिले के आबकारी विभा- ठेलकाडीह सहित आसपास के -ंवो में अवैध शराब बिकने की जानकारी विभाग के अफसरो को तो है। उन्हे ये भी पता रहता है कि किन-किन जगहों पर कौन कौन अवैध षराब के कारोबार से जुड़ा है। कहने को तो अवैध रूप से शराब कि बिक्री रोकने के लिए आबकारी पुलिस है। लेकिन चंद स्वार्थ के खातिर ही कानून द्वारा अपनी आंखो पर पट्टी बांध कर समाज में उस जहर को खुलेआम बेचने कि अनुमति प्रदान कर दी जाती है। सूत्र बताते है कि ठेलकाडीह सहित आसपास के गांवो में रोजाना पेटी की खपत है। इसके बावजूद अवैध शराब रोकने मे अहम भूमिका निभाने वाले विभाग केवल सफेद हाथी साबित हो रहे है।

### थाना प्रभारी यादव पर उम्मीद

जिस प्रकार से क्षेंत्र में अवैध शराब, गांजा सहित अन्य नसीली पदार्थो की बिक्री हो रही है। इससे अंचल के वरिष्ठजन ग्रामीण ठेलकाडीह थाना के नये थाना प्रभारी भीमसेन यादव पर क्षेंत्र के लोगों ने भरोसा जताया है। हालाकि पिछले कुछ समय से कार्रवाई की जा रही है। लेकिन अभी भी बड़े पैमाने पर अवैध शराब बेचने व तस्करों के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नही हुई है। सूत्र बताते है कि ऐसे मामले में यादव तत्काल कार्रवाई करते है। इससे क्षेंत्र के लोगों में उम्मीद जगी है।

वर्सन-थाना में बैठक रखा गया था। नागलदाह के ग्रामीण में भी आए थे। अवैध शराब गांव में बिकने की चर्चा की है। इस पर कार्रवाई करेंगे।

# तीन वर्षों से राशन से वंचित अठहत्तर वर्षीय बुजुर्ग

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के विकासखंड मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भर्रीटोला में निवासरत 78 वर्षीय बुजुर्ग गोविंदमल जैन बीते तीन वर्षों से राशन से वंचित हैं। जहां एक ओर छत्तीसगढ़ सरकार गरीब हितग्राहियों को तीन माह का राशन अग्रिम देने का दावा कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गोविंदमल जैन, जो भर्रीटोला में अकेले रहते हैं, बताते हैं कि नवम्बर 2022 से उन्हें एक दाना भी राशन नहीं मिला है। पूछे जाने पर उन्होंने बताया।



**ई-पॉश मशीन बनी बाधा**
**प्रशासनिक दावों की खुली पोल**
**बुजुर्ग गोविंदमल जैन बोले -'अब तो थक चुका हूं'**

''ई-पॉश मशीन मेरा अंगूठा पहचानने से इनकार कर रही है। मैंने इसकी शिकायत पंचायत से लेकर कलेक्टर तक की है, पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।''

### सवालों के घेरे में प्रशासनिक व्यवस्था

ई-पॉश मशीन की तकनीकी खामी के चलते अगर किसी हितग्राही को राशन नहीं मिल रहा है, तो यह सिस्टम की गंभीर विफलता है। क्या ऐसी स्थिति में कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होनी चाहिए? बुजुर्गों और विकलांग हितग्राहियों के लिए आईरिस स्कैनिंग, ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण, अथवा अधिकारियों की स्वीकृति से मैन्युअल वितरण जैसे विकल्प मौजूद हैं। फिर सवाल यह है कि इन विकल्पों का उपयोग गोविंदमल जैन के मामले में क्यों नहीं किया गया?

### मंत्री का जवाब और जमीनी हकीकत में विरोधाभास

गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन विधानसभा सत्र 2025 में विधायक इंद्रशाह मंडावी द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने दावा किया था कि ''जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में कोई भी हितग्राही राशन से वंचित नहीं है।'' तो अब सवाल यह उठता है कि क्या गोविंदमल जैन जैसे हितग्राही सरकार की नजरों से ओझल हैं, या रिपोर्टिंग में गड़बड़ी है?

### कौन है जिम्मेदार?

तीन वर्षों से राशन न मिलने का दर्द झेल रहे बुजुर्ग गोविंदमल जैन की शारीरिक और मानसिक स्थिति पर भी इसका प्रभाव पड़ा है।

अब सवाल उठता हैः क्या पंचायत सचिव, कोटवार, जनपद स्तर पर निगरानी अधिकारी, या खाद्य विभाग इसमें जिम्मेदार हैं?

क्या होगी इनपर कार्यवाही या फिर फाइलों में ही दब जाएगी ये शिकायत?।

# देवशयनी एकादशी के अवसर पर अर्पण नृत्य समागम चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र का प्रतिष्ठित आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। नगर की कुलदेवी मां रिद्धि सिद्धि दात्री श्री शीतला माता मंदिर प्रांगण बुढ़ा सागर सोनारपारा में देवशयनी एकादशी आषाढ़ शुक्ल पक्ष ग्यारस विक्रम संवत 2082 दिनांक छह (6) जुलाई 2025 रविवार को संध्या पांच बजे से ''अर्पण नृत्य समागम'' नृत्य संगीत के द्वारा चातुर्मास के लिए देवी देवता विश्राम करेंगे।






संस्कारधानी के बाल एवं युवा कथक नृत्य साधक शीतला मंदिर में अपनी प्रस्तुति देंगे

इस अवसर पर संस्था के कला साधक अपनी कला साधना के माध्यम से विश्व कल्याण के लिए मंगल कामना नृत्य संगीत के माध्यम से मंगल नृत्य गान करेंगे। ज्ञात हो संस्थान के संस्थापक एवं पद्मविभुषण पं. बिरजू महाराज जी एवं प्रो. कल्याण दास महन्त जी के शिष्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा संस्कारधानी में सनातनी कला संस्कृति को युवा एवं बच्चों के बीच संस्कार के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से तिरालीस वर्षो से ''नवाचार'' करते हुए कार्य कर रहे हैं। रायगढ़ नरेश राजा चक्रधर सिंह की स्मृति में एवं संगीत नृत्य में दिए गए राजा साहब जी के योगदान के लिए चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र की स्थापना की।

मध्य भारत, छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगांव के प्रथम स्तानाक संगीत महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। ज्ञात हो मंदिरों में अर्पण नृत्य समागम कार्यक्रम हर माह के एकादशी अथवा पूर्णिमा को आयोजित करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य में यह एकमात्र अनुठा आयोजन है। प्राचीन भारत में हमारे कला साधक गुरु अपनी कला साधना की प्रथम प्रस्तुति मंदिर के देवी देवताओं को साक्षी मानकर अपनी कला का अर्पण देवालयों में करने का विधान मिलता है। उन्हीं का अनुसरण करते हुए हमारे नव अंकुरित कला साधक नगर की कुल देवी रिद्धी सिद्धी दात्री हमर माता देवालय मां शीतला के श्री चरणों में अर्पण नृत्य समागन करने जा रही है। संस्कारधानी की सुधी नागरिकों से सुरेश महाराज, राज महाराज, चन्द्रकुमार दुबे भुरु महाराज, रवि महाराज, पियुष महाराज, अंकित महाराज ने अनुरोध किया है कि देवशयनी एकादशी दिनांक 6 जुलाई रविवार 2025 संध्या 5 बजे शीतला माता मंदिर बुढ़ा सागर सोनारपारा राजनांदगांव में पधारकर कार्यक्रम में शामिल हो।

# मधुमक्खियों के हमले से 4 बच्चे घायल

कांकेर। भानुप्रतापपुर में आंगनबाड़ी जा रहे बच्चों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया. घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई. मधुमक्खियों के हमले में 4 बच्चे घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है. जानकारी मिलते ही एसडीएम, थाना प्रभारी और तहसीलदार अस्पताल पहुंचे और बच्चों का हाल-चाल जाना.

जानकारी के मुताबिक, ग्राम खोरा में शुक्रवार को आंगनबाड़ी जा रहे बच्चों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया. घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर रेफर किया गया. घटना की सूचना के बाद एसडीएम गंगाधर वाहिले, थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख और तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा अस्पताल पहुंचे. उन्होंने घायल बच्चों का हाल-चाल जाना, साथ ही चिकित्सकों को उचित इलाज के निर्देश दिए.

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बालोद एवं दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव में आयोजित किया गया। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बालोद एवं दुर्ग जिले के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा जिले की कृषि पद्धति एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की वार्षिक प्रगति 2024-25 एवं कार्य योजना 2025-26 की प्रस्तुतीकरण किया गया।




इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं से डॉ. नीता खरे द्वारा आवश्यक सुझाव एवं सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों में होने वाले विभिन्न प्रसार गतिविधियों एवं नये-नये तकनीकों का प्रसार-प्रचार अधिक से अधिक करने की आवश्यकता है। जिससे समय पर इसका लाभ कृषकों को मिल सके। साथ ही फसल तैयारी के पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना चाहिए। बैठक में कृषकों द्वारा पशुओं में उन्नत नस्ल सुधार के विकल्प कृत्रिम गर्भाधान के बारे में परिचर्चा की गई। इसके साथ ही धान के फसलों में कीट पैनिकल माइल की समस्या के बारे में वृहद परिचर्चा की गई। बैठक में सभी केन्दों, विभागों एवं प्रगतिशील कृषकों द्वारा आवश्यक सुझाव एवं सलाह प्रस्तुत किए गए।

बैठक में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं से डॉ. नीता खरे, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दीप्ती झा व डॉ. ज्योति भट्ट, कृषि महाविद्यालय राजनांदगांव के अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन, कृषि महाविद्यालय छुईखदान के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता, उपसंचालक कृषि राजनांदगांव, दुर्ग एवं बालोद से एसएल देशलहरे व राजेन्द्र प्रसाद, पशुपालन विभाग से डॉ. ममता मेश्राम, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बालोद एवं दुर्ग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुजंन झा, डॉ. केआर साहू एवं डॉ. विजय जैन एवं बिसेसर दास साहू, अटारी बोर्ड सदस्य जबलपुर एवं अन्य जिलों के प्रतिनिधि, विषय वस्तु विशेषज्ञ तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

# स्कूल चले हम अभियान को मिली नई उड़ान, मोहला में हुआ जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मोहला में संपन्न**

**मोहला (दावा)। नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं में स्कूल के प्रति रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से एवं जन समुदाय को शिक्षा की गतिविधियों से जोडने् के लिए जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला के प्रांगण में किया गया।**

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक इंद्र शाह मांडवी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, उपाध्यक्ष भोजेश शाह मांडवी, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य एवं अन्य अतिथियों का आगमन हुआ। कार्यक्रम में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिला करके उनका स्वागत किया गया है, तथा निःशुल्क पाठ पुस्तक, गणवेश तथा साइकिल वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शासन प्रशासन के समन्वित प्रयास से जिला नित्य नहीं ऊंचाइयों पर जा रहा है, जो बोर्ड परीक्षा व स्कूली स्तर के प्रतियोगी परीक्षा और खेल को जैसे-जैसे विधाओं में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने नव प्रवेशी बच्चों एवं उनके पालकों को स्कूल की गतिविधियों में भागीदारी दिखाने की अपील की तथा विधायक इंद्रशाह मंडावी ने शिक्षकों के अच्छे कार्य एवं विभाग के एकजुट प्रयास से जिले की उपलब्धि की सराहना की। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने शिक्षा के साथ-साथ जागरूकता एवं खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए शिक्षकों को कार्य करने के लिए कहा।

जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मोहला श्रीमती गैंदकुँवर ठाकुर, मानपुर अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा मांडवी, अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष पुनऊ राम फूलकौरे, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी, लखन कलामें, शिषेश्वरी ध्रुव, मोहला सरपंच गजेंद्र पुरामें, विशिष्ट अतिथि अनिल गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, गुरु दयाल साहू, शंकर तिवारी, देवानन्द कौशिक, सुदर्शन खिलवारे, सुरजीत ठाकुर, प्रकाश मिश्रा, लक्ष्मी कोला, सुदर्शन खिलवारे, तीनो विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सईद कुरैशी, सभी प्राचार्य व संकुल समन्वयक, शिक्षक, पालक व बच्चे उपस्थित रहे।

# खस्ताहाल सड़क में चलने मजबूर देवपुरा के ग्रामीण

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के समीपस्थ ग्राम पंचायत देवपुरावासियों को सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए काफी अरसे से जूझना पड़ रहा है। बस्ती के अंदर की सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और खस्ताहाल सड़क में चलने मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया की यह समस्या कोई नई नहीं है। विगत कई वर्षों से उन्हें सड़क संबंधी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



**0 विगत तीन दशकों से सड़क का हाल बेहाल**
**0 जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान**

### बरसात में स्तिथि बद से बदतर

बरसात में मौसम के आगाज में ही स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। मुरम की कच्ची सड़क होने के कारण पूरा रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है। पूरी सड़क फिसलन भरी हो गई है। बीच बीच में गड्ढे हो चुके हैं। ऐसे में इस कच्ची सड़क में आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों के गिर के चोटिल होने की संभावना बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में स्थानीय ग्रामीणों, स्कूली बच्चों के साथ-साथ राहगीरों का भी परस्पर आना जाना लगा रहता है। ऐसे में सड़क की बदहाली के कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। बरसात में उक्त सड़क की स्थिति जस के तस हो गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि ग्रामीण विगत तीन दशकों से सड़क निर्माण को लेकर मांग करते आ रहे हैं, पर ऐसी क्या वजह है जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य आज पर्यंत आरंभ नहीं हो पाया है? नतीजतन ग्रामीणों को इस मूलभूत आवश्यकता के लिए जूझना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि बीते 30 सालों में कई ग्राम प्रधान बने, परंतु किसी ने सड़क निर्माण को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। दर हकीकत आश्वासन तो हर किसी ने दिया, लेकिन इस जनहित के मसले में कोई भी प्रखरता से सामने नहीं आया। ऐसे में ग्रामीणों ने युवा प्रत्याशी को ग्राम पंचायत की बागडोर दी है और उन्हें उनसे जन कल्याणकारी कार्यों को लेकर काफी उम्मीदें हैं। अब देखना यह है कि जर्जर सड़क की हालत सुधरेगी या समस्या बरकरार रहेगी।

## कलेक्टर ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 'कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए- आईएएस टॉपर्स से मिलिए' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# जिला प्रशासन का अभूतपूर्व आयोजन : विद्यार्थियों और युवाओं को टॉपर्स ने दिए सफलता के टिप्स

### अखिल भारतीय सेवा के माध्यम से देश एवं समाज की सेवा करने का बेहतर अवसर - कलेक्टर डॉ. भुरे

### सकारात्मक तरीके से तनाव सफलता के लिए भी करते है अग्रसर - सीईओ सुरुचि सिंह







राजनांदगांव (दावा)। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, क्षमता एवं संभावनाओं को आकार देने के लिए तथा उनके कैरियर को सही दिशा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 'कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए' कार्यक्रम का अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं युवा शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं को लाभान्वित करने हेतु 'कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए' कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की आज पुण्यतिथि है। हम सभी ने उनके विचारों एवं जीवन से प्रेरणा ली है और अनुसरण किया है तथा उनके उद्धरण एवं लेखनी को अपने जीवन में आत्मसात किया है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा में चयनित पांच शख्सियत यहां मौजूद हैं, जिनके अनुभवों का लाभ विद्यार्थियों एवं युवाओं को मिलेगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं किसी कार्यक्रम में अखिल भारतीय सेवा के चयनित अभ्यर्थी के प्रेरक उद्बोधन को सुनकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहित हुए थे और यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ था। इसलिए हमेशा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध हुए। जिससे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय सेवा के माध्यम से देश एवं समाज की सेवा करने का बेहतरीन अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि टॉपर्स के विचारों को सुने, समझे और सफलता के लिए सीख कर जाएं। उन्होंने कहा कि प्रश्नोत्तरी सत्र में यूपीएससी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई के लिए मोबाईल का उपयोग कम करेंगे। इसके लिए विभिन्न विषयों पर अभिमत, विश्लेषण पढ़ने की आवश्यकता है। भारतीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा कठिन परीक्षा है। गंभीरता से तैयारी करने पर सफलता मिलती है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि आज यहां जो युवा आए है, वे एक मुकाम हासिल करें और सफलता हासिल करें। इस उद्देश्य एवं आशा के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है कि विद्यार्थी एवं युवा यहां से कुछ सीखकर जाएं। यहां आए अभ्यर्थियों ने जीवन में संघर्ष किया है और उनकी जीवन यात्रा में बाधाएं रही। इसके बावजूद उन्होंने सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा चौथे प्रयास में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि तनाव एक अच्छा शिक्षक है और सकारात्मक तरीके से तनाव सफलता के लिए भी अग्रसर करते है।

### मन में ठान लीजिए तो कोई कार्य मुश्किल नहीं, जुनून के साथ करें पढ़ाई - आकाश गर्ग

यूपीएससी सीएसई 2024 में 5वां रैंक प्राप्त करने वाले आकाश गर्ग ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बी-टेक में स्नातक किया है। कोविड-19 संक्रमण के दौरान एक जिला प्रशासक की भूमिका एवं जिम्मेदारी को देखते हुए इस पद पर कार्य करने के लिए रूझान बढ़ा। उन्होंने कहा कि मन में ठान लीजिए तो कोई काम मुश्किल नहीं। आप जुनून के साथ पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2023 में यूपीएससी की परीक्षा में असफल हुए थे। उन गलतियों को ठीक करते हुए वे बेहतर परिणाम की ओर अग्रसर हुए। उन्होंने कहा कि गलतियों को दोहराना नहीं, बल्कि उसमें सुधार करना और सीखना है। स्पष्ट दृष्टिकोण, विचार एवं दृढ़ निश्चय के साथ अध्ययन करें।

### हमारी सफलता के पीछे होती है असफलताएं एवं संघर्ष - सुश्री पूर्वा अग्रवाल

यूपीएससी सीएसई 2024 में 65वां रैंक प्राप्त करने वाली एवं छत्तीसगढ़ टॉपर सुश्री पूर्वा अग्रवाल ने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा के लिए आत्मविश्वास बनाएं रखें, लेकिन परीक्षा को कम न आंके। इसमें केवल तथ्यों पर ध्यान नहीं दिया जाता, बल्कि विश्लेषण भी किया जाता है। समय पर तैयारी करने के साथ ही निरंतरता बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि हमारी सफलताएं दिखाई देती है, लेकिन कोई भी सफलता हमें एक दिन में प्राप्त नहीं होती। इसके पीछे हमारी असफलताएं भी होती है, जिन्हें लोग नहीं जानते। जीवन के उतार चढ़ाव से हार मत मानिए। उन्होंने बताया कि परिवार से उन्हें बहुत मदद मिली।

### अध्ययन के दौरान शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर रखें ध्यान - आदित्य विक्रम

यूपीएससी सीएसई 2024 में 9वां रैंक प्राप्त करने वाले आदित्य विक्रम ने बताया कि उनका संघर्ष जरा लंबा रहा, लेकिन परिवार का भरपूर सहयोग मिला। देश की सेवा के लिए आना चाहते थे। उन्होंने बताया कि उन्हें पांचवें प्रयास में सफलता मिली। परीक्षा की तैयारी के दौरान हताश एवं निराश भी रहा। इसलिए अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाएं रखने के लिए मेडिटेशन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान 7 घंटे सोना चाहिए और लगभग 8-10 घंटे पढना चाहिए। रूटीन में पढ़ाई में निरंतरता रहे तथा लाइब्रेरी में भी जाकर पढ़ा जा सकता है। मोबाईल का उपयोग कम करें और सोशल मीडिया से दूर रहें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से अधिक से अधिक युवाओं का चयन होना चाहिए। तैयारी ऐसे कीजिए जैसे तैरना है, तो समंदर में कूद जाईए। मन में कोई झिझक नहीं रखें और सभी विषयों का लगातार रिविजन करें।

### कभी भी प्रयास करना न छोड़े, अनुशासन का अनुकरण करें - अंकित धवानी

यूपीएससी सीएसई 2024 में 273वां रैंक प्राप्त करने वाले अंकित धवानी ने बताया कि वे राजिम के निवासी है। उन्होंने कहा कि कभी भी प्रयास करना न छोड़े। अच्छे दोस्त बनाएं और उनसे समस्या के संबंध में चर्चा करें। मोबाईल का उपयोग एसेट की तरह करें और मोबाईल में स्क्रीन टाईम कम करें। उन्होंने कहा कि अनुशासन का अनुकरण करें तथा मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने बताया कि ज्यादातर पढ़ाई छत्तीसगढ़ में रहकर ही की।

### लक्ष्यमूलक दृष्टिकोण से करें तैयारी - अभिषेक अग्रवाल

यूपीएससी सीएसई 2024 में 243वां रैंक प्राप्त करने वाले अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि मैं यूपीएससी की तैयारी के लिए नई दिल्ली नहीं जा पाया। अध्ययन के लिए दिल्ली के ट्रैंड के साथ जागरूकता बनाए रखते हुए तथा सेवा में रहते हुए तैयारी की। उन्होंने कहा कि मैंने लक्ष्यमूलक दृष्टिकोण से तैयारी की। आधुनिक भारत एवं भूगोल जैसे महत्वपूर्ण विषयों के लिए लगन से पढ़ाई की। जहां अथाह विषय हैं, वहां टेक्स्ट सिरीज की मदद से पढ़ाई की उन्होंने युवाओं से कहा कि आप यूपीएससी की तैयारी यहां रह कर भी कर सकते हैं, इसके लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। दिल्ली जैसा इको सिस्टम बना लिजिए। जीवन में पढ़ाई के लिए थोड़ा सा तनाव भी जरूरी है। आप यह नहीं जानते की आपके लिए भविष्य में संभावनाओं के रास्ते खुले हुए हैं। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों एवं युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा उपस्थित थे।

## डॉ. प्यारेलाल सिंह चौक में खुलेआम चाकूबाजी, युवक को पहुंचाया हास्पीटल

आधा दर्जन युवक चाकूबाजी घटना को अंजाम देकर हुए फरार



राजनांदगांव (दावा)। शहर के अति व्यस्त इलाकों डॉ. प्यारेलाल सिंह चौक में शुक्रवार की शाम चाकू बाजी की घटना है गई। बताया जाता है आधा दर्जन के करीब युवकों ने शांति नगर निवासी एक युवक को अज्ञात कारणों से चाकू से गोद डाला। इस घटना से ज़ख्मी युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज हास्पीटल ले जाया गया है। बताया जाता है कि लालबाग थाने के सामने पुलिस की नाक के नीचे उक्त आधा दर्जन बेखौफ युवकों ने शांति नगर के उक्त युवक को चाकू के वार से बुरी तरह जख्मी किया है इससे पता चलता है कि लोगों में अब पुलिस का डर-भय बिल्कुल समाप्त हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो तीन स्कूटी में दो-दो की संख्या में बैठकर आए आधा दर्जन युवकों ने शांति नगर के उक्त युवकों अपने चाकू के प्रहार से अधमरा कर दिया। बाद में सभी युवक अपनी स्कूटी से पाताल भैरवी मंदिर की दिशा में फरार हो गए।

घटना के संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि चाकू बाजी के आरोपियों को चिंन्हित कर लिए गए हैं। चाकू बाजी से बूरी तरह ज़ख्मी हुआ युवक का नाम उन्होंने महफूज खान पिता आसिफ खान उम्र 22 वर्ष निवासी शांति नगर बताया। साथ ही कहा कि इनके बीच आपसी गाली-गलौज के बाद मामला आगे बढ़कर चाकूबाजी तक जा पहुंची। फिलहाल वह मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में भर्ती ज़ख्मी युवक महफूज को देखने के लिए गए हुए है। उनका बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद फरार युवकों में से कुछ युवक चिन्हित कर लिए गए हैं। इस में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकालकर देखा जाएगा कि कौन-कौन लोग इस घटना में शामिल थे और चाकूबाजी की घटना की वजह क्या थी।

## पिकअप वाहन से आरोपी ने उड़ाए तीन लाख रुपए, आरोपी पकड़ाया

राजनांदगांव (दावा)। गैंदाटोला क्षेत्र के किसान का पिक अप वाहन में रखे 3 लाख से रुपए को पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है।

बताया जाता है कि खाद लेने के लिए किसान 3 लाख रुपए की रकम निकाल कर पिकअप वाहन में रखा हुआ था। उक्त वाहन में प्रार्थी व आरोपी दोनों बैठे हुए थे। ग्राम गर्रापार में खाद्य को वाहन से खाली करने उतरते समय आरोपी ने उक्त रकम को पार कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने उक्त आरोपी को धर दबोचा और उसके पास से नगदी रकम एक लाख 79 हजार रुपए जब्त की है। शेष रकम रुपए निकाल कर भागते समय रास्ते में गिर जाना बताया जा रहा है। बताया जाता है कि आरोपी ने उक्त नगदी रकम पार कर तथा उसे गमछे में लपेट कर अपने झोपड़ी वाले खेत में छूपा रखा था। आरोपी छगन लाल साहू पिता बुधराम साहू उम्र 35 साल निवासी गर्रापार थाना गैंदाटोला बताया जाता है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनोद कुमार साहू पिता सुरेन्द्र कुमार साहू उम्र 25 साल निवासी गर्रापार थाना गैंदाटोला ने लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 1 जुलाई को रात्रि करीबन 9 बजे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 08 एजी 0360 के सीट बैग में 3 लाख रूपए रखा हुआ था। जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले लिया गया है। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला के अपराध धारा 303 (2), 305(सी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस टीम ने संदेही से की पूछताछ

पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी एवं चोरी की गई रकम की पतासाजी के ग्राम गर्रापार के संदेही छगन लाल साहू से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान संदेही द्वारा सही-सही जवाब नहीं देने पर उससे कड़ाई से पूछताछ किया गया। इस पर संदेही ने बताया कि घटना दिनांक को वह प्रार्थी विनोद कुमार साहू एवं ओमप्रकाश साहू के साथ धान के लिए खातू लेने पीकअप वाहन में ग्राम अर्जुनी गए हुए थे। अर्जुनी से खातू खरीदकर पीकअप में भरकर ग्राम गर्रापार वापस आए और खातू को खाली करने के लिए विनोद और ओमप्रकाश दोनों गाड़ी से उतरा। उसी दौरान उसने गाड़ी के ड्रायवर सीट के नीचे रखे बैंग को निकाल लिया और गांव के गली से पैदल जाते-जाते बैग से पैसा निकालकर बैग को कही फेंक दिया तथा पैसे को अपने कमीज के अंदर रखा था, जो रास्ते से जाते-जाते कुछ पैसा गिर गया। बाकी पैसे को लाल गमछा में बांधकर अपने झोपड़ी वाले खेत के मेंड में लगे बोईर पेड़ के नीचे छुपाकर रखा था।

## न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी की अवैध गतिविधियों के खिलाफ आज ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू और युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के नेतृत्व में ग्राम फुलझर स्थित न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन में टेड़ेसरा सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण शामिल होंगे।



प्रदर्शनकारी सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कंपनी गेट के सामने धरने पर बैठेंगे। उनका आरोप है कि कंपनी प्रबंधन ने अवैध रूप से पाइपलाइन बिछाकर सिंचाई हेतु आरक्षित जलाशयों से पानी का दोहन शुरू कर दिया है, जिससे क्षेत्र के किसानों के हितों को गहरा नुकसान पहुंच रहा है। इतना ही नहीं, हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक ऑडियो क्लिप में कंपनी प्रबंधन द्वारा कुछ सरपंचों को रिश्वत देने के कथित प्रयास सामने आए हैं। जिला ग्रामीण कांग्रेस और प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि जल संसाधन पर अवैध कब्जा और राजनीतिक सौदेबाजी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा।

## पुलिस ने गुम मोबाइल व स्कूटी की चाबी को प्रार्थी को सौंपा

- चंद घंटे के भीतर साइबर सेल ने किया बरामद
- गुम चीजे पाकर प्रार्थी के चेहरे में खुशी की लहर



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने प्रार्थी के गुम सामानों को चंद घंटे में खोजबीन कर उसके हाथों में सही सलामत लौटाया। इससे प्रार्थी के चेहर में खुशी देखी गई।

बताया जाता है कि केशर नगर निवासी श्याम कंवर पिता रत्नेश कंवर 3 जुलाई को मां पताल भैरवी के दर्शन करने गया हुआ था और वह अपने घर वापस लौट रहा था। इस दौरान आरके नगर के महाराणा प्रताप सिंह चौक के आसपास उसका बैग जिसमें मोबाइल व स्कूटी की चाबी व कुछ अन्य सामान रखे हुए थे, जो गुम कही गुम हो गया। उक्त चीजें गुमने से श्याम कंवर भावुक होकर सायबर सेल पहुंचा और वहां अपनी आप बीती बताई कि वह मां पाताल भैरवी दर्शन कर अपने घर केशर नगर जा रहा था। रास्ते पर उसका बैग कही गिर गया। इस पर सायबर सेल (सीसीटीव्ही) अभिषेक साहू के द्वारा शहर में लगे महाराणा प्रताप चौक सीसीटीव्ही कैमरे में एक महिला बैग को उठाते हुए दिखाई दिया। उस महिला की पता तलाश कर महिला के पास से गुम बैग को सही सलामत बरामद कर उक्त युवक को सुपुर्द किया गया। जिस पर युवक द्वारा सायबर सेल टीम को साधुवाद दिया गया।




**श्री जलाराम मंगल भवन...**

गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव

- सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
- 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
- ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
- पार्किंग की समुचित व्यवस्था
- सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
- भवन में लिफ्ट की सुविधा

शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यों हेतु उपलब्ध... बुकिंग हेतु संपर्क करें...

मो नं. 9300725521, 9300414726


## जैन समाज के चातुर्मास में जैन मुनि सुनाएंगे रामायण की कथा

- आज जैन मुनियों का होगा शहर में मंगल प्रवेश
- स्थानीय जैन बगीचे में होगा आयोजन, सात मुनि होंगे शामिल

राजनांदगांव (दावा)। आषाढ़ मास लगते ही वर्षावास में जैन मुनियों का चतुर्मास प्रारंभ हो जाता है। शहर में आज 5 जुलाई को पूज्य जैन मुनियों का मंगल आगमन हो रहा है। वे सभी जैन मुनि स्थानीय जैन बगीचे में 9 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ करेंगे। इस दौरान पूज्य जैन मुनियों द्वारा लोगों के कल्याण के लिए विशेष प्रवचन दिया जाएगा।

इस संबंध में जैन समाज के लोगों द्वारा ली गई प्रेस वार्ता में बताया गया कि शहर के स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ समीप सुभाष द्वार दिल्ली दरवाजा से कामठी लाइन होते हुए जैन मुनियों का मंगल प्रवेश होगा व लोगों के द्वारा उनका भव्य स्वागत अभिवादन के बीच पदयात्रा करते हुए जैन बगीचा पहुंचेंगे। पूज्य जैन मुनियों के आगमन को लेकर समाज द्वारा व्यापक तैयारियां कर ली गई है।

### संस्कृति और सभ्यता को बचाने रामायण की कथा

इस बार के चातुर्मास अवसर पर शहर में पधारे पूज्य जैन मुनियों द्वारा देश की संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए रामकथा सुनाई जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान वीर भद्र मुनि ने बताया कि चतुर्मास जैन मुनियों के लिए आईना है। चातुर्मास के 4 महिने में धर्म का उपदेश दिया जाएगा। मुनि श्री ने बताया कि शरीर का खुराक आहार है और आत्मा की खुराक ज्ञान है। आदमी को प्रकृति के अनुरूप ही जीवन जीना चाहिए। रामायण हमारी संस्कृति और सभ्यता से परिपूर्ण है। इस चातुर्मास अवसर पर प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को रामायण के उपर प्रवचन रखा गया है।

वीरभद्र मुनि जी ने रात्रि 9 बजे से सुबह 9 बजे तक मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने मोबाइल के गैर जरूरी उपयोग का त्याग करना चाहिए कहा है। साथ ही कहा कि कोरोना महामारी काल में धन की औकात लोगों को पता चल गई। धन को उन्होंने जरुरी हो सकता है, कहा लेकिन वह सब कुछ नहीं हो सकता है। इस दौरान समाज के अध्यक्ष मनोज बैद, सुरेश गांधी, प्रदीप गोलछा, जैनम बैद, ऋषभ नाहटा, जैनम लूनिया, पियुष बैद, राजकुमार बैद सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

चतुर्मास में हर सप्ताह जैन बगीचे में सुबह 8.45 से 10 बजे तक जैन मुनियों का प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होगा। पूज्य जैन मुनियों द्वारा इस दौरान रामायण की कथा कही जाएगी। चातुर्मास में विनय कुशल मुनि जी, वीरभद्र विराग मुनि, नंदी सेन मुनि, भय मुनि, सोनभद्र, सुहरिस्त भद्र और सबसे छोटे 13 वर्षीय हंस भद्र मुनि जी शामिल रहेंगे। इस चातुर्मास में सर्व धर्म के लोगों के लिए विशेष प्रवचन आयोजित है जिसका लाभ उठाने लोगों को उपस्थिति की अपील की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com